Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 142 | रविवार, 25 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अर्थव्यवस्था पर होगा फोकस

# पीएम मोदी की अध्यक्षता में आज होगी नीति आयोग की बैठक

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में नीति आयोग की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के बाद प्रधानमंत्री और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच यह पहली बड़ी वार्ता है। नीति आयोग के एक बयान के अनुसार, बैठक में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी राज्यों के साथ 'टीम इंडिया' के रूप में काम करने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।


बैठक में अर्थव्यवस्था पर फोकस इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था पर फोकस करना होगा।




अधिकारी के अनुसार, बैठक में बजट 2025-26 में की गई पहलों और भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की ओर से लगाए गए टैरिफ के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था मुश्किलों का सामना कर रही है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था मंदी की ओर जाने, चीन की वृद्धि दर में भारी गिरावट आने और वैश्विक स्तर पर देशों में आर्थिक गतिविधियों में मंदी आने की संभावना के बावजूद भारत की चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.2 से लेकर 6.7 फीसदी के दायरे में रहने की उम्मीद है। अतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (कटत्र) और विश्व बैंक ने अनिश्चित माहौल और उच्च व्यापार तनाव का हवाला देते हुए 2025-26 के लिए भारत के विकास अनुमानों को घटाकर क्रमशः 6.2 और 6.3 फीसदी कर दिया है। बता दें, नीति आयोग की शीर्ष संस्था गवर्निंग काउंसिल में सभी मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। पीएम मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। पिछले साल नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की बैठक में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने हिस्सा नहीं लिया था।

**पिछले साल 10 राज्यों ने बैठक में नहीं लिया था हिस्सा**

## पंचतत्व में विलीन हुए एक्टर मुकुल देव, परिवार-दोस्तों ने दी अंतिम विदाई





**नई दिल्ली।**

अभिनेता मुकुल देव का दिल्ली में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान एक्टर को अंतिम विदाई देने के लिए परिवार के सभी सदस्यों समेत उनके भाई राहुल देव भी मौजूद थे। शनिवार को अभिनेता मुकुल देव के निधन से इंडस्ट्री को गहरा झटका लगा। 54 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया, जिसके बाद कई फिल्मी हस्तियों ने उन्हें याद किया। दिल्ली में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां अभिनेता के बड़े भाई राहुल देव ने उन्हें विदाई देने के सारे रीति-रिवाज पूरे किए। भाई मुकुल देव को अंतिम विदाई देने पहुंचे एक्टर राहुल देव काफी इमोशनल नजर आए। वहां पहुंचे सभी लोगों ने राहुल देव को सांत्वना दी और उनके दुख को बांटने की कोशिश की। राहुल देव के अलावा विंदू दारा सिंह भी दोस्त को अंतिम विदाई देने के लिए दिल्ली पहुंचे। मीडिया से बातचीत करते हुए विंदू दारा सिंह ने दोस्त मुकुल को याद किया। इस दौरान विंदू ने कहा, 'हमने दोनों ने सन ऑफ सरदार में एक साथ काम किया था। हम दोनों फिल्म के टोनी और टीटू थे लेकिन टोनी हमें छोड़कर चला गया' बता दें अभिनेता मुकुल देव ने शुक्रवार रात को अंतिम सांस ली। वो काफी समय से बीमार चल रहे थे।

## भारत में बढ़ रहे कोरोना के मामले इस वेरिएंट की चपेट में आ रहे लोग

**नई दिल्ली।**

भारत में कोविड-19 के नए वेरिएंट एनबी.1.8.1 का एक मामला और एलएफ.7 वेरिएंट के चार मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार ये वैरिएंट अधिक खतरनाक नहीं हैं। चिंता की बात नहीं है। दोनों वैरिएंट पर डब्ल्यूएचओ की नजर है, क्योंकि इन वेरिएंट के कारण चीन और एशिया के कुछ हिस्सों में कोविड मामले बढ़ रहे हैं। भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (इंसाकाग) के डाटा के अनुसार अप्रैल में तमिलनाडु में एनबी.1.8.1 का एक मामला मिला। मई में गुजरात में एलएफ.7 के चार मामले पाए गए। 19 मई



तक, देश में कोविड के 257 सक्रिय मामले थे। भारत में सबसे अधिक जेएन.1 वेरिएंट के मामले मिले हैं जो जांच किए गए नमूनों का 53 है। बीए.2 के 26 प्रतिशत और ओमिक्रान सबलाइनेज के 20 प्रतिशत मामले हैं। दिल्ली में कोविड के 23 नए मामले दर्ज किए गए, आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटे में चार मामले सामने आए हैं। तेलंगाना में एक मामले की पुष्टि हुई है। बेंगलुरु में नौ महीने का बच्चा जांच में संक्रमित पाया गया है।

## अगले महीने शुरू होगा नोएडा में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण, सीएम योगी करेंगे शिलान्यास

**लखनऊ।**

निर्माण कार्य के लिए बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने पूरी तैयारी कर ली है। यमुना एक्सप्रेसवे पर इंटरनेशनल फिल्म सिटी का निर्माण अगले माह से शुरू हो सकता है। निर्माण कार्य के लिए बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने पूरी तैयारी कर ली है। जिस भूमि पर निर्माण होना है उसका जियो-टेक्निकल सर्वे लगभग पूरा हो चुका है और कंपनी आने वाले दो-तीन दिनों में अपना बिल्डिंग प्लान दाखिल कर देगी।

जमीन समतल करने का काम जारी है और सड़क निर्माण सहित अन्य विकास कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। साफ-सफाई का काम लगभग पूरा हो



चुका है। सभी अनुमति मिलते ही निर्माण कार्य का शुभारंभ हो जाएगा। फिल्म सिटी का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी के जीएम राजीव अरोड़ा के अनुसार जैसे ही बिल्डिंग प्लान को मंजूरी मिलती है, निर्माण कार्य औपचारिक रूप से शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण में कंपनी 13 से 14 अत्याधुनिक फिल्म साउंड स्टूडियो और लगभग तीन लाख वर्ग मीटर में फिल्म इंस्टीट्यूट स्थापित करेगी। पूरी परियोजना का निर्माण तीन चरणों में आठ वर्षों के भीतर किया जाएगा।

> निर्माण कार्य के लिए बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने पूरी तैयारी कर ली है। जिस भूमि पर निर्माण होना है उसका जियो–टेक्निकल सर्वे लगभग पूरा हो चुका है और कंपनी आने वाले दो–तीन दिनों में अपना बिल्डिंग प्लान दाखिल कर देगी।

## दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम, तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश



**नई दिल्ली।**

दिल्ली-एनसीआर में अचानक मौसम बदल गया और तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के कारण कुछ इलाकों में जलभराव हो गया है। मौसम विभाग ने दिल्ली एनसीआर में एक दिन पहेल ही आज के लिए आंधी-तूफान का रेड अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए शनिवार को ही बारिश और तूफान के लिए रेड अलर्ट जारी किया था और मौसम विभागन ने पहले ही रात 10.30 बजे से 12.30 बजे के बीच 60-100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएँ चलने की चेतावनी दी थी। फरीदाबाद में भी तेज बारिश हो रही है। यहां तेज हवाओं के कारण खंभे गिर पड़े हैं जिस वजह से बत्ती ठप हो गई है। बुधवार शाम को दिल्ली और एनसीआर में आए तूफान में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई - जिनमें से दो दिल्ली में और इतने ही गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा में मारे गए। तूफान ने भारी नुकसान पहुंचाया, पेड़ उखड़ गए और खंभे गिर गए। दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में बिजली भी गुल हो गई।

**दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में बिजली भी गुल हो गई**

## बहरीन में पाकिस्तान पर जमकर बरसे ओवैसी

# सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दोहा पहुंचा.............

**नई दिल्ली।**

भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने शनिवार को रूस और जापान की अपनी यात्राओं का समापन किया। ये प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की नीति को स्पष्ट करने और पाक का आतंकी चेहरा बेनकाब करते हुए आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए वहां पहुंचे थे।

अभियान के तहत भारत के कुल सात दल 33 देशों की यात्रा करेंगे। एनसीपी-एससीपी सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दोहा, कतर के हमाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा; कतर में भारतीय राजदूत विपुल ने उनका स्वागत किया। वे ऑपरेशनसिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई को प्रदर्शित करने के लिए कतर, मिस्र, इथियोपिया और दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर रहे हैं। इस बीच, तीसरा दल भी बहरीन पहुंच





गया है। तीनों प्रतिनिधिमंडलों ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग बढ़ाने और कट्टरपंथ से निपटने पर विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधिमंडलों ने राजनीतिक नेतृत्व, मीडिया, वरिष्ठ अधिकारियों और कूटनीतिक समुदाय के सदस्यों के साथ बैठकें कीं और पाकिस्तान की साजिशों और आतंकवाद के प्रति भारत की प्रतिक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। बहरीन में प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत के दौरान, अकटकट सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि हमारी सरकार ने हर भारतीय के जीवन की रक्षा के लिए सभी कदम उठाए हैं। इस सरकार ने बहुत स्पष्ट कर दिया है कि अगली बार जब आप (पाकिस्तान) यह दुस्साहस करेंगे, तो यह उनकी उम्मीद से परे होगा।

## कर्नाटक के राज्यपाल ने रोका हिंदू मंदिर विधेयक, राष्ट्रपति को विचार के लिए भेजा जाएगा

**बेंगलुरु।**

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक या हिदू मंदिर विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख लिया है। छह मार्च, 2024 को पारित यह विधेयक 16 मई, 2025 को दोबारा राज्यपाल को भेजा गया था।

विधेयक का उद्देश्य राज्य के हिंदू मंदिरों से प्राप्त राजस्व के बड़े




हिस्से का साझा कोष के रूप में उपयोग करना है। राज्यपाल ने कहा है कि वह सरकार के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं हैं। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है, इसलिए अदालत के निर्णय की प्रतीक्षा करना चाहिए। ऐसे में विधेयक को मंजूरी देना अनुचित होगा।

## केरल तट के पास लाइबेरिया का शिप दुर्घटनाग्रस्त

**तिरुअनंतपुरम।**

तेल ले जा रहा लाइबेरियाई कंटेनर जहाज शनिवार को केरल तट से 38 समुद्री मील (लगभग 70 किमी) दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। करीब 10 कंटेनर समुद्र में जा गिरे। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने लोगों को चेतावनी दी है कि अगर कंटेनर या तेल रिसाव किनारे तक पहुंचे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। कंटेनरों में वीएलएसएफओ (वेरी लो सल्फर फ्यूल) और एमजीओ (मरीन गैस आयल) है। 184 मीटर लंबा जहाज एमएससी एल्सा-3 शुक्रवार को विजिंझम बंदरगाह से कोच्चि के लिए रवाना हुआ था। 24 मई दोपहर करीब 1.25 बजे भारतीय अधिकारियों को सूचना दी गई कि जहाज करीब 26 डिग्री तक झुक गया है और तत्काल सहायता मांगी गई। तटरक्षक बल बचाव कार्यों का समन्वय किया। तटरक्षक बल ने एक्स पर पोस्ट किया, जहाज पर सवार चालक दल के 24 सदस्यों में से 21 को बचा लिया गया है। बचाव अभियान जारी है। भारतीय तटरक्षक बल के विमानों ने जहाज के पास अतिरिक्त जीवनरक्षक नौकाएं उतारीं।

**समंदर में गिरे तेल के कंटेनर**



## संपादक की कलम से

# गर्म सिंदूर वाला लहू


ललित शर्मा
संपादक

पहलगाम नरसंहार को एक माह बीत चुका है। उन मासूम, बेगुनाह लोगों के हत्यारे और बहन-बेटियों का सिंदूर उजाडे वाले पापी कहां हैं, यह सहज सवाल हमारे भीतर भी खदबदा रहा है। हम देश की सेना और सुरक्षा बलों के साहस, पराक्रम और जांच पर रत्ती भर भी सवाल नहीं कर रहे हैं। उन्होंने 3000 संदिग्धों या आतंकियों के ह्यजयचंदोंह्ल से पूछताछ कर सुराग टटोलने की कोशिशें की हैं। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। बीते 10-12 दिनों में कुछ आतंकियों और घुसपैठियों को ढेर भी किया गया है। यह आलेख लिखने तक जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सेना और सुरक्षा बलों ने कुछ आतंकियों की घेराबंदी की थी और मुठभेड़ जारी थी। खुफिया लीड थी कि जैश-ए-मुहम्मद के 3-4 आतंकी उस इलाके के जंगलों में छिपे हैं। दरअसल पहलगाम नरसंहार आज भी एक जिंदा और प्रासंगिक मुद्दा है। उसी के संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बीकानेर में लोगों को संबोधित करते हुए जो रौद्र रूप दिखाया है, वह अभूतपूर्व है और उसमें पहलगाम में सिंदूर मिटाने, उजाड ? की चिंता और आक्रोश भी निहित है। प्रधानमंत्री इसे गुस्सा या आक्रोश ही नहीं मानते, बल्कि समर्थ भारत का रौद्र रूप और न्याय का नया स्वरूप मानते हैं और यही ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल है। प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा कि उनकी रगों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है।ह्वजो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है।ह्वजब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसके क्या नतीजे होते हैं, यह दुश्मन ने देख लिया है।ह्ल प्रधानमंत्री मोदी के ये शब्द अभिधात्मक नहीं हैं, बल्कि सिंदूर के प्रतीक के तौर पर लाक्षणिक हैं। प्रधानमंत्री अब भी पहलगाम और सिंदूर की त्रासदियों से जुड़े हैं। यह राजनीति नहीं है। कोई भी चुनाव सामने नहीं है। बिहार और राजस्थान के बीच व्यापक दूरियां हैं। बीकानेर के एयरबेस से कुछ ही दूरी पर, सीमापार, पाकिस्तान का रहीम यार एयरबेस है, जो ध्वस्त होने के बाद आईसीयू में पड़ा है। न जाने अब वह कब खुलेगा। प्रधानमंत्री ने देश को बताया है कि सिंदूर उजाडे का बदला लिया जा चुका है, प्रण पूरा किया गया है। प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि अब कोई आतंकी हमला भारत पर किया जाएगा, तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। हम आतंक और उसके सरपरस्तों को अलग-अलग नहीं समझेंगे, लिहाजा करारा जवाब पाकिस्तान, उसकी फौज और अर्थव्यवस्था को भी झेलना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को यहां तक चेतावनी दी है कि उसे पाई-पाई को मोहताज कर दिया जाएगा। विडंबना यह है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस प्रधानमंत्री के संबोधन और सरोकारों को ह्यफिल्मी डॉयलॉगह्ल करार दे रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री खोखले भाषण देना बंद करें। कैमरे के सामने ही आपका लहू गर्म क्यों होने लगता है? कांग्रेस लगातार सवाल दाग रही है कि जब हालिया संघर्ष में भारत ने पाकिस्तान का बहुत कुछ तबाह कर दिया था, तो अचानक युद्धविराम क्यों किया गया? अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में युद्धविराम क्यों किया गया? आखिर हम पीओके तक पहुंच कर उसे वापस लेने में नाकाम क्यों रहे? ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब विदेश मंत्रालय और हमारे डीजीएमओ दे चुके हैं। दरअसल आज के संदर्भ में 1971 का भारत-पाक युद्ध और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी प्रासंगिक हैं।

# मलाई @ भ्रष्टाचार- लोकनिर्माण, सरकारी टेंडर, गृह, परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है?

वैश्विक स्तरपर आज सारी दुनियाँ कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार के दंश से अर्थव्यवस्था में कमजोरी महसूस कर रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार रूपी काली कमाई भ्रष्टाचारियों द्वारा बेहद सस्पेंस वाली जगह पर छुपा कर रखा जाता है, जो अर्थव्यवस्था के सरकुलेशन में काम नहीं आती। मसलन 2000 के नोटों की लंबी राशि चलन में नहीं आ रही थी यानी मतलब साफ है भ्रष्टाचार्यों के पास लॉक हो गई थी, नतीजा नोटों की नोटबंदी ही पर्याय था। परंतु बहुत ताजुब की बात है एक ओर जहां सरकार भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस करने कमर कसकर भिड़ी हुई है दूसरी ओर हमेशा देखा जाता है की राजनीति में सहयोगी पार्टी या पार्टी के अंदर ही पार्टी के कद्दावर नेताओं में मंत्रालय के विभागों की मलाई पर तकरार होती है, यानें सरकारी टेंडर में परसेंटेज के मामले होते हैं, इसीलिए ही 40 या 50 पेर्सेंट के आरोप प्रत्यारोप राजनीति में सभी बातें एक दूसरे के ऊपर लगाते रहते हैं अक्सर चुनाव जीते हुए व्यक्तियों से लेकर मंत्री व चपरासी से लेकर उच्च पदासीन अधिकारी इसमें शामिल होते हैं तो फिर भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस नीति का क्या अर्थ हुआ? जो रेखांकित करने वाली बात है, जिसका सटीक उदाहरण महाराष्ट्र के एक नेता पर गृहमंत्री होने के बावजूद 100 करोड़ प्रतिमाह का आरोप लगा था वो जेल भी गए थे। ऐसे अनेक आरोप राजनीतिज्ञों मंत्रियों पर लगते रहते हैं जो रेखा रेखांकित करने वाली बात है, जिससे क्लियर होता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से लेकर नीचे की ओर चलता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेविभागों की मलाई पर तकरार, भ्रष्टाचार पर कैसे होगा पलटवार !तथा भ्रष्ट प्लस अचार एट द रेट ऑफ भ्रष्टाचार, लोक निर्माण सरकारी टेंडर गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है?

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के अर्थ को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार शब्द दो शब्दों की संधि से बना है- भ्रष्ट+आचार, जिनके निम्न अर्थ हैं-भ्रष्ट=दूषित, गंदा, अनैतिक, गलत, आपराधिक, आचार=आचरण, व्यवहार, कर्यकप कार्य, तो सीधे शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार का तात्पर्य उस कार्य से है जो गलत हो, अनैतिक हो, आपराधिक हो या दूषित हो।हमारे राजनेताओं की कृपा से आजकल यह शब्द मुख्यतया राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग होता है लेकिन सामान्यतया हर वह आचरण भ्रष्टाचार है जो कि किसी गलत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनैतिक ढंग से और दुर्भावना से किया जाए।केवल सरकारी कार्यों में घोटाले करना ही भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि अपने आदर्शों से समझौता करना और निजी लाभ के लिए किसी अन्य को पीड़ा पहुंचाना भी भ्रष्टाचार है।दूधवाले का दूध में पानी मिलाना भी भ्रष्टाचार है और शिक्षक का कक्षा में ना पढ़ाना भी भ्रष्टाचार है। अधिकारी का काम ना करना भी भ्रष्टाचार है और काम के बदले रिश्वत मांगना भी भ्रष्टाचार है। टैक्स चोरी करना भी भ्रष्टाचार है और यातायात के नियमों को ना मानना भी भ्रष्टाचार है।सीमित शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं में घोटाले करना ही नहीं है बल्कि निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार से आर्थिक दुष्प्रभाव की करें तो, भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है, मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है, इस फॉमूर्ले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं, परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है।भारत और चीन की विकास दर अधिक है।भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है।मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ यदि इस रकम को शेयर बाजार में लगाया गया तो भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव कुछ घटता है, दक्षिणी अमेरिकी देशों एवं भारत में यह अंतर साफ है। दक्षिण अमेरिका के नेताओं ने घूस की रकम को स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा करा दिया। नतीजा विकास में गिरावट आयी, परंतु भारतीय नेताओं ने स्विस बैंकों में जमा कराने के साथ- साथ घरेलू उद्यमियों के पास भी रकम जमा करायी। यदि घूस की रकम का निवेश किया जाये, तो अनैतिक भ्रष्टाचार का आर्थिक सुप्रभाव भी पड़ सकता है।मान लीजिए सरकारी निवेश में औसतन 70 फीसदी रकम का सदुपयोग होता है, जबकि निजी निवेश में 90 फीसदी का, ऐसे में यदि एक करोड़ रुपये को भ्रष्टाचार के माध्यम से निकाल कर निजी कंपनियों में लगा दिया जाये, तो 20 लाख रुपये का निवेश बढ़ेगा।अर्थशास्त्र में एक विधा ह्यबचत की प्रवृत्तिह्ल के नाम से जानी जाती है। अपनी अतिरिक्त आय में से व्यक्ति कितनी बचत करता है उसे ह्यबचत की प्रवृत्तिह्ल कहा जाता है। गरीब की 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 90 रुपये की खपत करता है और 10 रुपये की बचत. तुलना में अमीर को 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 10 रुपये की खपत करता है और 90 रुपये की बचत करता है.मान लीजिए अमीर इंजीनियर ने गरीब किसान से 100 रुपये की घूस ली। गरीब की आय में 100 रुपये की गिरावट आयी, जिसके कारण बचत में 10 रुपये की कटौती हुई. परंतु अमीर इंजीनियर ने 100 रुपये की घूस में 90 रुपये की बचत की. इस प्रकार घूस के लेनदेन से कुल बचत में 80 रुपये की वृद्धि हुई। अमीर द्वारा गरीब का शोषण सामाजिक दृष्टि से गलत होते हुए भी आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हो गया।भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है। मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है। इस फॉमूर्ले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं। परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत और चीन की विकास दर अधिक है. भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है.मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया. सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ।


गोंदिया

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के कारणों को समझने की करें तो, हम सभी ने कहीं ना कहीं इसे सिस्टम का हिस्सा मान कर अपना लिया है।हम भ्रष्टाचारियों को कोसते है पर वही अपना काम जल्दी कराने के लिये हम खुद उसे बढ़ावा भी देते हैं।ड्राइविंग लाइसेंस जल्दी नहीं बना रहा, थोड़ा खिला देंगे।पासपोर्ट के लिये पुलिस वेरिफिकेशन में समय लगेगा चलो थोड़ा साहब को खर्चा पानी दे देंगे हेलमेट नहीं पहना है, गाड़ी के कागज नहीं है, ट्रैफिक पुलिस वाले को 100झ50 दे कर बच जायेंगे।सरकारी टेंडर हमें ही मिले इसके लिये सरकारी बाबू को थोड़ा मिठाई भिजवा देते है।और फिर जो पैसा उनकी खातिरदारी में खर्च होगा वो हम काम की गुड़वत्ता कम करके खानापूर्ति कर लेंगे हमारा इस सब को ले कर सब ठीक है ही इस सब का जिम्मेदार है, सिर्फ सरकारों को कोसने से कुछ नहीं होगा पहला बदलाव हमें खुद से शुरू करना होगा, अपनी सोच में परिवर्तन करके।

साथियों बात अगर हम मलाई वाले विभाग को समझने की करें तो, पुलिस विभाग इतना भ्रष्ट नहीं है, जितना एक दूसरा विभाग है। आज के घोटालों में इस विभाग का बड़ा हाथ होता है, साथ ही यह विभाग इसके संपर्क में आने वाले किसी भी शख्स को नहीं नहीं छोड़ना है। खनन विभाग सबसे भ्रष्ट विभाग हैं। यही एकमात्र विभाग है, जिसमें घोटाले का प्रश्न हमेशा उठता है, यही वह विभाग है जिसका चपरासी से आयुक्त तक नौकरशाह और विभाग का मंत्री जेल की हवा खा चुका है। इसी विभाग में होने वाले घोटाले की राशि अखबार में छपने पर आम आदमी किसी संख्या के पीछे के शून्य (जीरो) कम से कम तीन बार गिनता है।खनन घोटाले के लिए कई नेता और मंत्री भी जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए वही कई पर आरोप लगे! इनमें गायत्री प्रजापति, बीएस येदियुरप्पा, जनार्दन रेड्डी और श्रीनिवास रेड्डी, रमेश पोखरियाल निशंक, जयललिता, सीबू सोरेन और दिगंबर कामत जैसे कई नाम शामिल हैं। इस विभाग के कई आईएएस भी घोटाले में लिप्त पाए जाने से जेल पहुंचे उनमे अशोक सिंघवी और चन्द्र कला प्रमुख हैं।बड़े अंको के घोटाले देने के लिए प्रसिद्ध है, 2012 कोयला का कोयला खदान आवंटन घोटाला 10.7 लाख करोड़ का घोटाला मामले में था, जो अब तक का सबसे बड़ा भारत में होने वाला घोटाला है खनन विभाग के कर्मचारी खदान आवंटन की प्रक्रिया से खनन और विक्रय रॉयल्टी तक में भ्रष्टाचार के नये तरीके निकाल लेते हैं! खनन विभाग के कार्य बालू मिट्टी से सोने का खनन तक है! खनन विभाग ही एकमात्र विभाग है जो मिट्टी के खनन में भ्रष्टाचार की जड़े जमाकर मिट्टी से पैसे बना लेता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मलाई@ भ्रष्टाचार-लोकनिर्माण, सरकारी टेंडर, गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है?विभागों की मलाई पर तकरार-भ्रष्टाचार पर कैसे होगा वार ?भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं ऑफीसरों बाबुओं द्वारा रिश्वत लेना ही नहीं, बल्कि स्वार्थ सिद्धि द्वारा किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है।



## मोनिका डागा

## आतंकवाद का घिनौना रूप

### कविता

कुछ बद्दिमाग खूंखार राक्षसों की काली करतूत,
मचाती हाहाकार, कष्ट से हो जाता विश्व द्रवीभूत,
निहत्थों पर वार चलाना कैसी शर्मनाक फितरत है ?
कायरता का जश्न मनाना ये कैसी बेकार शोहरत है ?
खून का बदला खून से क्या कर सकता भरपाई,
जिन्होंने अपने जीवन की खोई अनमोल ईकाई,
जन्म लेगी नफरत और भड़के की ज्यादा आग,
चलता रहेगा ये हत्याओं का खूनी दर्दनाक फाग ।

थू थू करता जग सारा तुम पर क्यों साख डुबोते हो ?
गड्ढा खोदते दूसरों के लिए व खुद ही गड्ढे में गिरते हो,
बद्दुआओं में जीकर कौन सा तीर मारा जीवन में ?
खून की नदियां बहाई क्या मिला दहशत घुटन में ?

कैसी तालीम मिली तुमको इंसानियत को ही भूल गए ?
अपने ही मुल्क को बदनाम कर देश प्रेम को भूल गए ?
इस घृणित कर्म से न जाने कितने सिपाही मारे जाएंगे ?
लाल वो भी धरा के बेवजह क्रोध की बलि चढ़ जाएंगे ?

धर्म जाति के नाम पर लडाई करवा गंदा खेल रचते हो ?
क्यों शांति, प्रेम, अमन सुकून को कलंकित करते हों ?
थम जाओ छोड़ दो ये हिंसा का दर्दनाक भयावह मंजर,
मासूमों के हाथ मत दो तुम्हारी नफरत का खूनी खंजर ।

कसूरवार हो तुम क्यों ईर्ष्या घृणा फैला कर हंसते हो ?
किसी से प्रेम नहीं करते बस अहम् को सिद्ध करते हो ?
जो करना होगा वो तो देश की सरकारें निर्णय ले करेंगी,
जहर की इस फसल को जड़ समेत ही उखाड़ फेंकेगी ।

कांप रही है ये कलम आज आंखों की पलकें भी नम,
दुश्मनी की खाई क्यों नहीं होती इतने वर्षों बाद भी कम,
सुरक्षित नहीं इंसान कहीं भी इंसान ही बन बैठा दुश्मन,
₹आनंद₹ नहीं जीवन में बढ़ी हर मन में चिंताएं उलझन ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बेहद क्रिस्पी और टेस्टी बनेगा चाऊमीन समोसा, बस इन टिप्स को करें फॉलो



अमूमन चाऊमीन समोसे को लोग घर पर बनाना पसंद करते हैं। घर में चाऊमीन समोसा बनाते समय आप इसमें मसालों से लेकर सब्जियों तक हर चीज में अपनी पसंद के अनुसार बदलाव कर सकते हैं। घर पर क्रिस्पी व टेस्टी चाऊमीन समोसा बनाना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं है। शाम का समय हो तो अक्सर चाय के साथ कुछ चटपटा और मजेदार खाने का मन करता है। ऐसे में अक्सर लोग चाय के साथ समोसे खाना पसंद करते हैं। यूं तो समोसों में अमूमन आलू की फिलिंग की जाती है, लेकिन अगर आप एक ट्विस्ट के साथ समोसे खाना चाहते हैं तो ऐसे में चाऊमीन समोसे बनाकर खाए जा सकते हैं। जरा सोचिए, एक परफेक्ट क्रंची समोसा, जिसके अंदर फ्लेवर से भरपूर सॉसी चाऊमीन भरी हो। इस तरह का समोसा बच्चों से लेकर बड़ों तक हर किसी को बेहद ही पसंद आएगा। अमूमन चाऊमीन समोसे को लोग घर पर बनाना पसंद करते हैं। घर में चाऊमीन समोसा बनाते समय आप इसमें मसालों से लेकर सब्जियों तक हर चीज में अपनी पसंद के अनुसार बदलाव कर सकते हैं। घर पर क्रिस्पी व टेस्टी चाऊमीन समोसा बनाना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं है। बस जरूरी है कि आप इसे बनाते समय कुछ छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो करें। तो चलिए आज इस लेख में टपरी किचन रेस्टोरेंट के हेड शेफ हिमांशु त्यागी आपको चाऊमीन समोसा बनाते समय फॉलो किए जाने वाले कुछ टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

**सही नूडल्स का करें इस्तेमाल:** जब आप चाऊमीन समोसा बना रहे हैं तो आपको नूडल्स का चयन थोड़ा सोच-समझकर करना चाहिए। कोशिश करें कि आप पतले नूडल्स का इस्तेमाल करें जैसे हक्का नूडल्स या इंस्टेंट चाउमीन नूडल्स। साथ ही, इन्हें सही तरह से उबालना भी जरूरी है ताकि ये हल्के कड़क रहें और समोसे के अंदर गीले या चिपचिपे न हो जाएं।

**टेस्टी फिलिंग तैयार करें:** चाऊमीन समोसा का टेस्ट उसकी फिलिंग पर ही निर्भर करता है, इसलिए आपको फिलिंग के टेस्ट को किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहिए। इसके लिए एक पैन में थोड़ा तेल गरम करें और उसमें बारीक कटा हुआ लहसुन, अदरक और हरी मिर्च डालें। अब पतली-पतली कटी सब्जियां जैसे पत्ता गोभी, गाजर, शिमला मिर्च और स्प्रिंग अनियन आदि डालें। इसे तेज आंच पर हल्का सा भूनें ताकि सब्जियां कुरकुरी रहें। अब स्वाद के लिए सोया सॉस, चिली सॉस, थोड़ा नमक और काली मिर्च डालें। आखिरी में नूडल्स डालकर अच्छे से मिक्स करें।

## आगामी त्योहारों, व्रत उपवास की सूची

| | | |
|---|---|---|
| मास शिवरात्रि | – | 25 मई |
| वट सावित्री व्रत | – | 26 मई |
| रोहिणी व्रत | – | 27 मई |
| भौमवती अमावस्या | – | 27 मई |
| अमावस्या | – | 27 मई |
| शांति जयंती | – | 27 मई |


पंडित गोपेश जी

# गांवों की राजनीति से शुरू होगा 2027 का सियासी महाकुंभ


अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश में दो साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले 2026 में होने वाले पंचायत चुनाव को राजनीतिक दलों के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। पंचायत चुनाव को 2027 के विधानसभा चुनाव का लिटमस टेस्ट कहा जा रहा है, क्योंकि इसके नतीजे आने के बाद ही प्रदेश की सियासी तस्वीर साफ होगी। चुनाव आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए पूरी तैयारी शुरू कर दी है और जल्द ही अधिसूचना जारी करने की संभावना है। ऐसे में राजनीतिक दल भी अपनी-अपनी रणनीतियां बनाने में जुट गए हैं। पंचायत चुनाव से न केवल दलों की लोकल पकड़ का पता चलेगा, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए उनकी रणनीतियों की दिशा भी तय होगी। उत्तर प्रदेश के गांवों में पंचायत चुनाव को लेकर जो सरगर्मी दिख रही है, उससे यह साफ हो गया है कि ये चुनाव प्रदेश की राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों के मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल 2026 में खत्म हो रहा है। लगभग 57,691 ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, 826 ब्लॉक प्रमुख, 3,200 जिला पंचायत सदस्य और 75 जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव होने हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए करीब 1.27 लाख सीआर1 ग्रेड की मतपेटियों की खरीद के लिए ई-टेंडर भी जारी कर दिया है। पिछले चुनाव अप्रैल-मई 2021 में हुए थे, इसलिए इस बार चुनाव की अधिसूचना जनवरी या फरवरी 2026 के दूसरे या तीसरे हफ्ते में जारी होने की उम्मीद है। पंचायत चुनाव तीन स्तरों पर होते हैं झ ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा और सियासी रसगुल्ले गांव के प्रधान चुनाव को लेकर होती है, क्योंकि ग्राम प्रधान सीधे गांव की राजनीति पर प्रभाव डालते हैं। पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सभी दल यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आरक्षण के बाद किस सीट पर कौन उम्मीदवार खड़ा हो सकता है। आरक्षण के बाद उम्मीदवारों की संभावनाओं का आकलन करना जरूरी होता है ताकि सही रणनीति बनाई जा सके। बीडीसी सदस्य और जिला पंचायत सदस्य भी होर्डिंग-पोस्टर के जरिए अपनी दावेदारी जताने लगे हैं। नेताओं और निर्वाचन आयोग की इस सक्रियता से साफ है कि पंचायत चुनाव को लेकर सियासी मशीनरी पूरी तरह से सक्रिय हो चुकी है। पिछले पंचायत चुनावों के आंकड़े बताते हैं कि पंचायत चुनावों में सत्ताधारी दल का ही दबदबा रहता है। 2021 के पंचायत चुनाव में भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस, आरएलडी, आम आदमी पार्टी और कई निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे। कुल 3050 जिला पंचायत सदस्य सीटों पर हुए चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी खासा दम दिखाया। भाजपा ने 768 सीटें जीतीं, सपा ने 759, बसपा ने 319, कांग्रेस 125, आरएलडी 69 और आम आदमी पार्टी 64 सीटों पर जीत हासिल की। निर्दलीयों की संख्या 944 रही। भाजपा ने निर्दलीयों को अपने साथ जोड़कर 67 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी अपने नाम कर ली, जबकि सपा महज पांच जिलों में ही अध्यक्ष बना सकी। यह आंकड़ा यह बताता है कि पंचायत स्तर पर भी सत्ता का प्रभाव कितना महत्वपूर्ण होता है। पंचायत चुनावों को 2027 के विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जाता है, क्योंकि इस चुनाव में ग्रामीण क्षेत्र की बड़ी संख्या की सीटें शामिल होती हैं। उत्तर प्रदेश की लगभग दो तिहाई विधानसभा सीटें ग्रामीण इलाकों से आती हैं, इसलिए पंचायत चुनाव का नतीजा सीधे विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों की ताकत पर प्रभाव डालता है। पंचायत चुनावों में जो दल सफल होता है, उसके पास ग्रामीण वोट बैंक की मजबूत पकड़ होती है, जो आगे जाकर विधानसभा चुनावों में मददगार साबित होती है। राजनीतिक दल पंचायत चुनाव के नतीजों का विश्लेषण कर हर जिले, क्षेत्र और जाति के हिसाब से अपनी रणनीति बनाते हैं। राजनीतिक दल पंचायत चुनाव के नतीजों के बाद गहन मंथन करते हैं। जातिगत समीकरण, क्षेत्रीय ताकत, वोट प्रतिशत, पिछली बार की तुलना में वोटों में बढ़ोतरी या कमी, सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए वे आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाते हैं। ये चुनाव दलों को अपनी ताकत को सही आंकने का मौका देते हैं ताकि वे कमजोर हिस्सों पर काम कर सकें।

> पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के मतों की तुलना कर दल अपने वोट बैंक में आए बदलाव का आंकलन करते हैं। फिर इसके आधार पर उम्मीदवार चयन, गठबंधन और प्रचार रणनीति को दुरुस्त करते हैं। उत्तर प्रदेश की सियासत में पंचायत चुनावों का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि इससे दलों की लोकल स्तर पर पकड़ का पता चलता है। पंचायत चुनाव से पार्टी का बूथ स्तर तक संगठन मजबूत होता है। गांवों के छोटे–छोटे चुनाव भी बड़े चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जिस पार्टी के पास मजबूत ग्राम स्तर की पकड़ होती है, उसके लिए विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीतना आसान होता है। इसलिए दल पंचायत चुनाव को हल्के में नहीं लेते और पूरे जोर–शोर से चुनाव लड़ते हैं।

# आजादी के शहजादे संस्था ने करतार सिंह सराभा व रास बिहारी बोस की जंयती मनाई: हरीश चन्द्र आजाद



वेलकम इंडिया

**फरीदाबाद।** आजादी के शहजादे संस्था ने शहीद करतार सिंह सराभा व रास बिहारी बोस की जंयती सैक्टर 10 कार्यालय में चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा की अध्यक्षता में मनाई। संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने आज उनकी जयंती पर नमन करते हुए कहा कि करतार सिंह सराभा महान क्रांतिकारी थे तथा 15 साल में गदर पार्टी के सदस्य बने और मात्र 19 वर्ष की आयू में इस महान क्रांतीकारी को अंग्रेजी हुकूमत में फांसी पर चढ़ा दिया था। अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें कहा था कि वह माफी माँग लेगें तो उनकी फांसी की सजा माफ कर दी जायेगी तो इस पर माँ भारती के लाल ने कहा मैं माफी माँगकर भारत माँ का सिर नहीं झुका सकता उन्होंने कहा कि मेरे पास और जीवन भी होंगे तो उन्हें अपनी माँ भारत पर कुर्बान करना चाहूंगा। चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा ने कहा कि रास बिहारी बोस ब्रिटिश साम्राज्यगदर विद्रोह के प्रमुख थे, आजाद हिन्द फौज के सिपाही भी थे। भारत की आजादी के लिये इनके योगदान को कभी भूला नही जा सकता। 21 जनवरी 1945 को उनकी मृत्यु जापान में हुई थी जो आज भी एक रहस्य है। अंत में महिला चेयरमैन शीतल लूथरा ने दोनों स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और बेटी बचाओ अभियान के सामूहिक विवाह के कार्य टीम को बताये। इस मौके पर वासुदेव अरोड़ा, अश्वनी कालड़ा, ऊषा खन्ना, शमा परवीन, तनूजा अरोड़ा, शीतल लूथरा, हरीश चन्द्र आजाद, रेखा पंवार, जसविन्द्र कौर, संतोष भारद्वाज, रमेश मक्कड़, अरविन्द बावा, अशोक भाटिया, दीपक अरोड़ा व अमित ने श्रंद्बा सुमन अर्पित किये।

## निरीक्षण के दौरान एसडीएम को तीन दुकानें बंद

**बागेश्वर,** उप जिलाधिकारी मोनिका ने शनिवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संचालन नियमानुसार हो रहा है या कोताही बरती जा रही है।इसको लेकर नगर की विभिन्न राशन की दुकानों का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण में एसडीएम मोनिका ने इस दौरान दुकानों में बायोमेट्रिक (ई-पॉश) मशीन के उपयोग की जानकारी ली।साथ ही राशन वितरण में कोई अनियमितता तो नही हो रही है।सभी राशन कार्ड धारकों को निर्धारित कोटे का राशन मिल रहा है या नही इसको लेकर राशन की दुकानों में आए लोगों से फीड बैक लिया। निरीक्षण में उन्हें तीन दुकान बंद मिली। इस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई है।कुशल प्रशासनिक व्यवस्था के तौर पर आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने वाली महिला अधिकारी के तौर पर जानी जाने वाली महिला पीसीएस। अधिकारी और सदर एसडीएम मोनिका ने पूर्ति विभाग को ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने और सचल दल के माध्यम से समय समय पर छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

# जिलाधिकारी ने किया श्रम विभाग और रोडवेज डिपो का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शनिवार को श्रम विभाग और बिलौना स्थित रोडवेज बस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। श्रम विभाग में कई खामियां मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार न होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।जिलाधिकारी ने श्रम विभाग में निरीक्षण में मिलीं खामियों पर नाराजगी जताते हुए कार्यालय परिसर में गंदगी देखकर तत्काल सफाई व्यवस्था करने, फाइलों का उचित रख-रखाव न होने पर भी उन्होंने फटकार लगाई और सही ढंग से फाइलों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यशैली में सुधार लाने की नसीहत देते हुए कर्मचारियों को ड्रेस कोड और पहचान पत्र पहनकर कार्यालय आने के निर्देश दिए। बायोमेट्रिक उपस्थिति का अवलोकन करते हुए उन्होंने अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक प्रणाली से ही उपस्थिति दर्ज करने, के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने श्रम विभाग में अपने कार्यों के लिए आए लोगों से भी बातचीत की और विभाग की कार्यप्रणाली पर उनका फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी लाभार्थी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि पात्र व्यक्तियों के श्रम कार्ड और विभिन्न लाभदायक योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि का भुगतान समय पर हो। किसी भी लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। छश्रम विभाग के निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने बिलौना स्थित रोडवेज बस स्टेशन का भी औचक निरीक्षण किया।

# भीषण गर्मी में अबोल जीवों की हालत बेहद नाजुक : बोहरा

वेलकम इंडिया



**बाड़मेर राजस्थान।** 2पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्मी के दौर में पक्षियों की जल सेवा को लेकर थार नगरी, बाड़मेर में जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से परिण्डा अभियान के माध्यम से लगातार राहत व बचाव के कार्य किये जा रहे है। जिस कड़ी शनिवार को संस्थान की ओर से अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन, शारीरिक शिक्षक राजेश जोशी व वरिष्ठ प्रबोधक बाबुलाल चौधरी की उपस्थिति में सांसियों का तला विद्यालय में पंछियों के लिए परिण्डे लगाएं गए। तथा परिण्डे को नियमित भरने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि संस्थान की ओर से जीवों के कल्याण व सेवा को लेकर सतत कार्य किये जा रहे है। जिस कड़ी में जल कुण्डी अभियान व परिण्डा अभियान के माध्यम से क्रमशः पशुओं व पक्षियों के लिए जल व्यवस्था की जा रही है। अमन ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में अबोल जीवों की हालत बेहद नाजुक है। ऐसे में उन्हें बचाने के लिए हमें आगे आना चाहिये। जीवों के प्रति दया और करुणा धर्म ही नही बल्कि मानवता का भी मूलमंत्र है। संस्थान के सदस्य राजेश जोशी ने बताया कि संस्थान की ओर से वन्यजीवों के संरक्षण को शीघ्र ही अलग-अलग स्थानों पर 5 बड़े जलकुण्ड बनाये जायेंगें। वहीं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक घर एक पौधा अभियान को शीघ्र पुनः प्रारम्भ किया जायेगा।

# भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा पिलखुवा के तत्वावधान में बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ हिंदू कन्या इंटर कॉलेज पिलखुआ में किया

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद के पिलखुवा के तत्वाधान मे बाल संस्कार दिवस का शुभारंभ प्रथम दिवस बहुत ही उत्साह के साथ शुरू किया गया। बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ हिंदू कन्या इंटर कॉलेज मे किया गया। हिंदू कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य जी डॉक्टर वर्तिका अग्रवाल जी ने बहुत ही उत्साह के साथ इस कार्य का शुभारंभ कराया। प्रधानाचार्य जी को पटका पहनाकर पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।वंदे मातरम के साथ शिविर की शुरूआत की गई। कुसुम लता गुप्ता जी ने बच्चों को गायत्री मंत्र का जाप कराया साथ ही सभी बच्चों को ऊं और गायत्री मंत्र का अर्थ समझाया ।डांस प्रशिक्षिका यशिका गोयल ने बच्चों को डांस बहुत सुंदर ढंग से सिखाया। भावना ने बच्चों को ढोलक सिखाई। शालू बंसल ने बच्चों को फायरलैस कुकिंग सिखाई ।जिसमें उन्होंने चीज ब्रेड सैंडविच और गुलकंद बनानी सिखाई व बच्चों को गुलकंद के फायदे भी बताए गए ।कार्यक्रम का मनमोहक अतिसुंदर संचालन संस्था की मार्गदर्शक बीना गोयल जी ने किया ।शिविर में लगभग 180 बच्चे उपस्थित रहे। निलाक्षी गोयल ने बच्चों से ज्ञानवर्धन के लिए ऐसे प्रश्न पूछे जिससे अन्य बच्चों को भी उनसे प्रेरणा मिले ऐसे प्रश्न बच्चों के ज्ञानार्जन के लिए बहुत आवश्यक हैं जिन बच्चों ने प्रश्नों के सही उत्तर दिए उनको चॉकलेट देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

## दबिश के दौरान 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना दुधारा उ0नि0 राजेश कुमार दूबे, हे0का0 अनिल मिश्रा, हे0का0 दिनेश यादव ने 02 वारण्टीगण राधेश्याम पुत्र सीताराम निवासी तिलजा, अ0हफीज पुत्र अ0 मन्नान निवासी ककरहो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## गाली गलौज मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

बुलंदशहर अहार क्षेत्र के गांव में चासी में एक दबंग परिवार के लोगों ने एक पड़ोसी के घर पर जाकर की गाली गलौच, मारपीट। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कराई नामजद रिपोर्ट, पुलिस जांच में जुटी। गांव चासी निवासी नरेंद्र पुत्र वीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 19 म ई को शाम के करीब छ: बजे मेरे बच्चे एक पड़ोसी के घर पर बैठे हुए थे ।तभी दबंग परिवार के लोग लाठी डंडे लेकर आ गये और मेरे परिजनों पर हमला कर महिलाओं को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। महिलाओं के रोने चिल्लाने का शोर सुनकर लोग मौके पर आने लगे तो आरोपी भाग निकले। पीड़ित ने रिपोर्ट में ऋषिपाल सिंह समेत पुत्रों, पत्नी और पुत्रियों को नामजद किया गया है। घायल महिलाओं का अस्पताल में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी अनु प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई हैं।

## लात घुसों से मारपीट रिपोर्ट दर्ज

बुलंदशहर अहार क्षेत्र के गांव खदाना में चल रहे क्रिकेट मैच में एक खिलाड़ी पर अशोभनीय टिप्पणी अन्य खिलाड़ियों ने कर दी,जब उस खिलाड़ी ने उनका विरोध किया तो उसके साथ लात घूंसो से मारपीट कर अधमरा कर दिया। जैसे तैसे वह अपने घर पहुंचा और परिजनों को मामले की जानकारी दी। पीड़ित शाहिल खां पुत्र अलाउद्दीन खां निवासी खदाना ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के ही आठ दस खिलाड़ियों को नामजद किया गया है। थाना प्रभारी अनु प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है। मामला दो संप्रदाय के खिलाड़ियों के बीच बताया गया है। गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

# डीएम व एसपी ने थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर सुनी गयी जनता की समस्याएं

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा संयुक्तरुप से थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी एवं फरियादीआदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर का औचक निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



शिकारपुर/बुलंदशहर/ग्रामीण अंचल में जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके इसके लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर दिए जा रहे उपचार को परखने के लिए आज जिलाधिकारी श्रुति ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर का औचक निरीक्षण करते हुए मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। स्वास्थ्य केंद्र पर काफी संख्या में मरीज उपचार लेने के लिए आए हुए थे। ओपीडी, आकस्मिक, दवा वितरण, लेबर रूम, एमएनसीयू आदि का निरीक्षण करते हुए मरीजों को दिए जा रहे उपचार के बारे में जानकारी ली। प्रभारी चिकित्साधिकारी को साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए। अल्ट्रासाउंड कक्ष पर जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत 04 दिवसों में गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क अल्ट्रासाउंड कराए जाते हैं। स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से संबंधित गर्भवती महिलाओं की पूरी जानकारी एक्सेल शीट पर तैयार कर जनपद स्तर पर भेजी जाती है ।

# समर कैंप में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा



वेलकम इंडिया

**संत कबीर नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर आदर्श जनता इंटर कॉलेज पचपेड़वा में आयोजित समर कैंप के तीसरे दिन मूर्ति निर्माण कला कौशल का ज्ञान दिया गया। समर कैंप में प्रारंभ में प्रधानाचार्य शैलेन्द्र शुक्ला की निगरानी में बच्चों को योगाभ्यास कराया। बच्चों को मयूर आसान, बज्र आसान, वृक्ष आसान, सूर्य नमस्कार व प्राणायाम के तरीकों की जानकारी दी और उनसे अभ्यास भी कराया गया। बच्चों को रस्सी कूद, सायकिल रेस और खो खो की भी प्रैक्टिस कराई गई। शिक्षक मसलहुद्दीन ने छात्र छात्राओं को रंगोली बनाने के तरीके सिखाए। बच्चों की चार टीम बनाकर रंगोली की प्रतियोगिता कराई गई। विजेता प्रतिभागियों की सूची समापन पर घोषित की जाएगी।

# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम महमूदपुर में पेयजल योजना का किया गया निरीक्षण

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार



हापुड़ जनपद के नामित नोडल अधिकारी मानवेन्द्र सिंह, महानिदेशक, आयुष, उ०प्र० के द्वारा वृहद गो संरक्षण केन्द्र, भटैल, विकासखण्ड हापुड़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय हिमांशु गौतम मुख्य विकास अधिकारी, डा० ओ०पी० मिश्रा मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, परियोजना यू०पी०आर०एन०एन०, प्रबन्धक श्यामकिशोर तिवारी, संचालनकर्ता माधव ग्रामोघोग सेवा संस्थान अजीतमल औरेया एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने नोडल अधिकारी को अवगत कराया कि वृहद गो संरक्षण केन्द्र का निर्माण यू०पी०आर०एन०एन० के द्वारा वर्ष 2019-20 में कराया गया तथा वर्तमान में गोवंश धारण क्षमता 450 के सापेक्ष कुल 497 नर गोवंश संरक्षित हैं। नोडल अधिकारी द्वारा वृहद गो संरक्षण केन्द्र के प्रत्येक शेड में जाकर गोवंशों के स्वास्थ्य की स्थिति, नांद में पडे हुए हराझचारा, भूसा, पीने के पानी की चर, हरा झचारा काटने की मशीन का गहनता से निरीक्षण किया तथा मौके पर बायोगैस प्लान्ट को लगातार उपयोग में लाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय वृहद गो संरक्षण केन्द्र पर 220 कुन्तल भूसा, 90 कुन्तल हराझचारा एवं 40 कट्टे चोकर उपलब्ध मिला। नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गोवंशों को गर्मी से बचाव हेतु त्रिपाल, जूट के बोरे, स्वच्छ ताजा पेयजल की व्यवस्था इसी प्रकार बनी रहे तथा किसी भी गोवंश की मृत्यु लू एवं गर्मी से न होने पाये। इसके उपरांत जनपदीय नोडल अधिकारी मानवेन्द्र सिंह महानिदेशक आयुष उत्तर प्रदेश द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत *रहर घर जल योजनार* से आच्छादित जनपद हापुड़ के महमूदपुर ग्रामीण पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित विनय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हापुड़ के द्वारा महानिदेशक आयुष को महमूदपुर पेयजल योजना से सम्बन्धित घटकों की जानकारी दी गयी।

# होनहार बच्चों और आचार्यों का हुआ सम्मान




वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर :-** खानपुर स्थित लाल रामशरण दास सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक के 22 मेधावी बच्चों को प्रतीक चिन्ह और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत इंफोसिस ट्रस्ट के अध्यक्ष ऋषि प्रताप, विद्यालय के प्रबंधक योगेश कुमार, अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह और रमेश पांडे ने दीप प्रज्वलित कर की। संचालन प्रधानाचार्य शिवकुमार ने किया। बच्चों के साथ-साथ विशेष कार्य करने वाले आचार्यों को भी सम्मानित किया गया। हिंदी में 93% अंक दिलाने वाले आचार्य चंद्रपाल सिंह, सबसे मेहनती आचार्य दिनेश सिंह, अनुशासन में श्रेष्ठ आचार्या रेनू, प्रयोगशील आचार्य हेमंत सिंह और गणित में 94% अंक दिलाने वाले आचार्य सुनील कुमार को प्रतीक चिन्ह व नगद राशि दी गई।

# एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक ने किया दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के अंतिम खंड की परिचालन तैयारी का निरीक्षण

**उज्जवल रस्तौगी**




एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के शताब्दी नगर से मोदीपुरम तक के खंड का व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान, एनसीआरटीसी के निदेशक और वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ थे। अधिकारियों ने ट्रॉली से इस पूरे खंड की यात्रा की। उन्होंने पूरे 17 किमी खंड की अप और डाउन दोनों लाइनों का निरीक्षण किया, वायाडक्ट का जायजा लिया और इस खंड में स्थित नमो भारत स्टेशनों पर चल रहे फिनिशिंग कार्य की समीक्षा की। इस खंड में दो नमो भारत स्टेशन हैं - बेगमपुल और मोदीपुरम। इस निरीक्षण का उद्देश्य कॉरिडोर की ऑपरेशनल तैयारी का आकलन करना था, जिसमें गुणवत्ता और सुरक्षा के उच्चतम मानकों के पालन पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अपरिचालित खंड में पहले से ही ट्रायल रन किए जा रहे हैं। स्टेशनों का सिविल निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और फिनिशिंग का काम युद्धस्तर पर आगे बढ़ रहा है। श्री गोयल ने काम की गति और गुणवत्ता से संतुष्टि व्यक्त की और साइट पर कॉन्ट्रैक्टरों के साथ बातचीत की। कॉरिडोर के परिचालन का कार्य अब अपने अंतिम चरण में है, ऐसे में श्री गोयल ने उन्हें कार्य की गति बनाए रखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री गोयल ने साइट पर श्रमिकों और इंजीनियरों के साथ बातचीत की और उन्हें गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया, तथा काम की गति बनाए रखते हुए निर्माण के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने एनसीआरटीसी अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टरों को मिलकर, परस्पर सहयोग से काम करने की सलाह दी ताकि निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करते हुए, उत्कृष्ट कार्य किया जा सके। साथ ही, उन्होंने निर्धारित समयसीमा के भीतर शेष फिनिशिंग कार्य पूरा करने के महत्व पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने बेगमपुल स्टेशन, जो मेरठ के एक प्रमुख बाजार क्षेत्र के मध्य स्थित एक भूमिगत स्टेशन है, के काम की स्थिति का भी जायजा लिया। 246 मीटर लंबा, 24.5 मीटर चौड़ा और लगभग 22 मीटर गहरा बेगमपुल स्टेशन, कॉरिडोर के बड़े स्टेशनों में से एक है। यहाँ फिनिशिंग का काम अपने अंतिम चरण में है। इस स्टेशन पर यात्रियों को नमो भारत और मेरठ मेट्रो, दोनों परिवहन सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

# डीजेजेएस द्वारा पिलखुवा, उत्तर प्रदेश में मंगल कलश यात्रा के माध्यम से आत्मबोध का संदेश दिया



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ जनपद के पिलखुवा में श्री आशुतोष महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन में, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा पिलखुवा, उत्तर प्रदेश में छःदिन को प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक एक सात-दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है, जिसके निमित्त 24 मई, 2025 - शनिवार को एक अद्वितीय मंगल कलश यात्रा निकाली गई।इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण एवं सौभाग्यवती माताओं ने सिर पर कलश धारण किए, छोटे बच्चों, तथा युवाओं ने श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ इसमें बढ़- चढ़कर भाग लिया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। । तत्पश्चात यह पावन यात्रा प्रातः 9 बजे आनंद स्वरूप बाल मुकुंद धर्मशाला, रेलवे रोड, पिलखुवा से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल झ लाला गंगा सहाय जी धर्मशाला, गांधी बाजार, पिलखुवा पर संपन्न हुई। इस यात्रा के माध्यम से संस्थान द्वारा संचालित ₹बोध झ नशा मुक्ति अभियान₹ के अंतर्गत आयोजित ₹संकल्प मुहीम₹ का सशक्त संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया एवं नशा मुक्ति का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया।पिलखुवा क्षेत्र के नागरिकों के साथ-साथ कई विशिष्ट अतिथियों ने भी अपनी सहभागिता दिखाई, जैसे-श्रीमती एवं सुनील गर्ग (गर्ग सेल्स कॉर्पोरेशन), हरीश अग्रवाल (नगर अध्यक्ष पिलखुवा), विपिन अग्रवाल (इखढ एवं फरर अध्यक्ष, पिलखुवा) ओमप्रकाश (ओम केबल्स एंड ग्रुप, पिलखुवा), वेद प्रकाश एवं आशा रामा जी (वस्त्र थोक व्यापारी पिलखुवा) आदि।

# शिक्षक पुत्र ने लहराया सफलता का परचम!



**वेलकम इंडिया**

**सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग-सिद्धार्थनगर में कार्यरत शिक्षक पुत्र ने लहराया सफलता का परचम लक्ष्य सिंह पुत्र श्री सुनील कुमार निवासी ग्राम आलमगीरपुर बढला परीक्षित गढ़ मेरठ ने ऑल इण्डिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2025 में 300 में से 294 अंक लाकर अकफ-19 वी रैंक प्राप्त करके क्षेत्र का नाम रोशन किया ।इससे पूर्व भी छात्र यूपी सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा. व मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट स्कूल राई सोनीपत में भी सफलता प्राप्त कर चुका है। छात्र के पिता जिला- सिद्धार्थनगर में शिक्षक पद पर कार्यरत है। सुनील कुमार ने एकल अभिभावक होने के बावजूद अपने बच्चो के साथ- ?साथ विद्यालय के बच्चों का भी भविष्य सवार रहे हैं। लक्ष्य सिंह ने बताया उसका सपना सेना में बडा अधिकारी बनके देश की सेवा करना है।

# एमआईईटी स्कूल में अभिनंदन एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




**मेरठ।** एमआईईटी पब्लिक स्कूल, मवाना रोड में शनिवार को अभिनंदन एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन विष्णु शरण, डायरेक्टर अजय बंसल, प्रिंसिपल डॉ. रूपाली सहगल एवं वाइस प्रिंसिपल एकता सक्सेना द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

चेयरमैन विष्णु शरण ने समारोह में 10वीं एवं 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को 17 लाख 65 हजार 800 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की। इनमें कक्षा 12वीं की नेहल गौड़ ने ह्यूमैनिटीज संकाय में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम तथा जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में राधिका सिंह ने 98.6 प्रतिशत एवं कॉमर्स संकाय में रितेश अरोड़ा ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त तीनों छात्रों को 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

कक्षा 10वीं में दक्ष चौधरी ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि देवांश कुमार 97.8 प्रतिशत एवं ईशान विकल 97.6 प्रतिशत ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन तीनों विद्यार्थियों को भी पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान कर विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की कि यदि अन्य विद्यालयों के छात्र कक्षा 10वीं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करते हैं और एमआईईटी के निर्धारित मापदंडों को पूर्ण करते हैं, तो उन्हें भी छात्रवृत्ति के अंतर्गत फीस में छूट दी जाएगी। समारोह को संबोधित करते हुए चेयरमैन विष्णु शरण ने कहा, ₹केवल अंक ही प्रतिभा का मानदंड नहीं हैं। हर छात्र में कोई-न-कोई विशेष प्रतिभा अवश्य होती है। अभिभावकों का दायित्व है कि वे उस प्रतिभा को पहचानें और बच्चों को प्रोत्साहित करें। विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी प्रदान करता है, जिससे छात्र न केवल अपने परिवार, बल्कि समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करें।

# भारतीय जनता पार्टी के प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ जनपद हापुड़ में प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर सदर विधायक विजयपाल आढ़ती क्षेत्र महामंत्री विकास अग्रवाल ने संयुक्त रूप से माता अहिल्याबाई होलकर की जीवन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर नारियों के लिए प्रेरणा स्रोत थी उनको देखकर आज भी महिलाएं उनके रास्ते पर चलने का प्रयास करती है जिस समय में महिलाओं का उत्पीड़न अपनी चरम सीमा पर था उसे समय माता अहिल्याबाई होल्कर में महिलाओं के उत्थान के लिए बहुत अधिक प्रयास कर उनकी दिशा और दशा में बदलाव लाने का कार्य किया था इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेश तोमर राज सुंदर तेवतिया दिनेश त्यागी अनिल त्यागी तरुण चौहान दीपक भाटी अनिरुद्ध सिंह राजू तेवतिया राहुल प्रजापति सुधीर त्यागी व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# बुगरासी में भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य के। सम्मान मे निकाली तिरंगा यात्रा

**वेलकम इंडिया**



**बुगरासी।** कस्बा बुगरासी में शुक्रवार शाम को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व नगर पंचायत चेयरमेन ने किया यात्रा रामलीला मैदान से होकर अंबेडकर भवन बाल्मीकि चौक तकिया वाला मोहल्ला बेल वाला मोहल्ला से होती हुई बसी रोड चामुंडा मंदिर पर तिरंगा यात्रा का समापनकिया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान कस्बे वासियों ने तिरंगा यात्रा में लोगों पर फूल बरसाकर स्वागत किया। तिरंगा यात्रा शुरू होने से पहले नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि पहलगाम में हुई घटना के बाद भारत की ओर से 6 और 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर आगाज किया गया ।जिससे पाकिस्तान में बने आतंकी ठिकानों को हमारी भारतीय सेना ने आतंकी ठिकाने को ध्वस्त किया ।उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता भारतीय सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा में कस्बे वासियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस शुभ अवसर पर कस्बा के चेयरमैन सहित व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव गर्ग भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रतिनिधि किशन तायल मंडल अध्यक्ष बुगरासी लोकेश कुमार सुरेश चंद शांति लोधी सुदीप त्यागी नेपाल सिंह राज कुमार सिसोदिया चंद्रपाल लोधी सहित कस्बे के सैंकड़ों कस्बेवासी मौजूद रहे।

# मां दुर्गा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**वेलकम इंडिया**



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** ग्राम पंचायत झुड़िया में माता दुर्गा की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पहले मूर्ति को गाड़ी पर सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए। शोभायात्रा दोपहर दो बजे मंदिर स्थल से चलकर बलुआ, पेंडारी व कठोतिया, कोहड़ौरा होते हुए बिस्कोहर नगर के मंगल बाजार स्थित राम जानकी दुर्गा धाम मंदिर पर पहुंची यहां पर पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रों से पूजन किया गया। उसके बाद सभी धार्मिक स्थानों, मंदिरो से होते हुए देर शाम झुड़िया गांव में आकर सम्पन्न हुआ। जहा पर मूर्ति को विधिवत वैदिक मंत्रों द्वारा स्थापित किया गया। इस दौरान आयोजक हीरालाल मौर्या, कैलाश देवी, श्याम सुंदर मौर्या, इंद्रजीत मौर्या, बलराम , भगवत प्रसाद, पंडित राम बचन मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

# पुलिस ने भेजा मासूम के हत्यारे को जेल

**वेलकम इंडिया**



**बुगरासी।** शनिवार को बुगरासी। पुलिस ने शनिवार को चार माह के मासूम के हत्यारे झोलाछाप डाक्टर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बुगरासी के मौहल्ला मन्दिर वाला निवासी शादाब ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि मेरी बहन मेरे चार माह के बेटे को एक कस्बे के डाक्टर मुकीज के झोलाछाप डाक्टर को दिखाने ले गई थी ।उसने मेरे बेटे को इंजेक्शन लगाया था जिससे मेरे चार माह के बेटे की मौत हो गई ।इसी को लेकर देर रात तक चौकी पर हंगामा भी रहा था लेकिन पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेज दिया था ।और कहा था कि दोषी को कानून के होने का एहसास दिला दिया जायेगा। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# सभी मीट व मुर्गे की दुकानें खोलने को लेकर विहिप बजरंग दल मुखर

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** कांडा रोड में भागीरथी गदेरे के नाले में बने मीट मार्केट से बाहर बने मीट तथा मुर्गे की दुकानों को खोलने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ता शनिवार को पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल से मिले। उन्होंने कहा कि नगर पालिका ने मीट मार्केट से बाहर खुली मीट व मुर्गे की दुकानों को बंद कर दिया है। इस कारण लोगों की रोजी-रोटी पर संकट गहरा गया है। उन्होंने पालिका से पूर्व के आदेश को निरस्त कर सभी दुकानों को खोलने की मांग की है ।वही नगर में पूर्व में पालिका के आदेश पर कुछ1दिन मीट चिकन की दुकानें बंद हुई थी पर अब सभी व्यवसायियों ने अपनी दुकानें पुनः खोल दी है। पर ऐसे में हिन्दू सनातन धर्म संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओ द्वारा मीट की दुकानों को खोलने का ज्ञापन पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल को सौंपने की मंशा समझ से परे नजर आ रहा है ।पूर्व में शोशल मीडिया में नगर में मनमाने तरीके से खुली मीट की दुकानों को बंद किए जाने के पालिका के फैसले के बाद पुनः किस परिस्थितियों में पुनः मीट की दुकानें खुली इसको लेकर पालिका की कार्यशैली पर कुछ समाजिक कार्यकर्ताओ ने सवालिया निशान उठाए हैं ।वही पूर्व में न्यायालय के आदेश पर स्लाटर हाउस के निर्माण के बाद मीट मार्केट के संचालन के आदेश पर अब तक1 पालिका द्वारा ठोस कदम नही उठाया है।

# थाने के सामने हमला,डेढ़ माह बाद भी दर्ज नहीं हुआ मुकदमा

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी मिजार्मुराद** ।बड़ागांव थाना क्षेत्र के विसईपुर गांव निवासी दयाशंकर पांडे के ऊपर बीते 07 अप्रैल 25 को थाने से महज 50 कदम की दूरी पर हुए हमले के मामले में आज तक मुकदमा दर्ज न होने से पुलिस के ऊपर गंभीर सवालिये निशान उठने लगे हैं। इस मामले में पीड़ित का पुत्र विपिन कुमार पांडे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग किया है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा तथा थाना प्रभारी बड़ागांव अतुल सिंह धनबल के प्रभाव में आकर आरोपियों की मदद कर रहे हैं,जिसके कारण मुझे न्याय नहीं मिल पा रहा है। पीड़ित का आरोप यह भी है कि पिछले दिनों बड़गांव पुलिस की सह पर हाईकोर्ट से स्टे होने के बावजूद भी पांच बीघे भूमि पर दबंगों ने रात्रि में ट्रैक्टर से जुताई करवा दिया। मामले की शिकायत लेकर जब एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा के यहां गया तो उन्होंने प्रार्थना पत्र लेने से ही इंकार कर दिया। एसडीएम ने साफ शब्दों में कहा कि मामला हाईकोर्ट से स्टे का है तो वहां जाइए।

पीड़ित द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में यह दशार्या गया है कि बीते 7 अप्रैल को बड़ागांव थाने से महज पचास कदम की दूरी पर मेरे पिता दयाशंकर पांडे के ऊपर आधा दर्जन हमलावरों ने प्राण घातक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना की सूचना पाकर बड़गांव पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस बुलवाकर उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसनी ले गई। डॉक्टर ने घायल को गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। घायल जिला अस्पताल में लगभग 15 दिन तक एडमिट रहा उसके बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। मेडिकल मुआयने में घायल को कई चोट होने के साथ पैर की हड्डी भी टूटी हुई है। इसके बावजूद भी पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर बड़ागांव पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने बताया कि एसडीएम और बड़ागांव थाना प्रभारी की खुली छूट आरोपियों को है,जिन लोगों के भय से मैं अपने परिवार के साथ घर से पलायन कर चुका हूं।

# यू पी मे पचायत चुनाव की तैयारिया शुरू राजस्व ग्रामो का होगा परिसीमन और पुनर्गठन

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़** । यू पी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। इस प्रक्रिया के तहत ग्राम पंचायतों और राजस्व ग्रामों के पुनर्गठन और परिसीमन के लिए राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शुक्रवार, 23 मई 2025 को जारी शासनादेश में कहा गया है कि पंचायत चुनाव-2021 के बाद कई ग्राम पंचायतों और राजस्व ग्रामों का शहरी क्षेत्रों में शामिल होना, ग्रामीण प्रशासन और निर्वाचन प्रक्रिया के लिए नई चुनौतियां लेकर आया है।

इस स्थिति को देखते हुए शासन ने सभी जिलों से ग्राम पंचायतों और राजस्व ग्रामों के आंशिक पुनर्गठन के प्रस्ताव 5 जून 2025 तक मांगे हैं। पिछले पंचायत चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शहरीकरण की प्रक्रिया तेजी से हुई है। नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों और नगर निगमों का सृजन और उनके सीमा विस्तार के कारण कई ग्राम पंचायतें और राजस्व ग्राम पूरी तरह या आंशिक रूप से शहरी क्षेत्रों में शामिल हो गए हैं। इस बदलाव के परिणामस्वरूप कई ग्राम पंचायतों की जनसंख्या 1000 से कम हो गई है, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम के तहत न्यूनतम जनसंख्या मानक को पूरा नहीं करती। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि ऐसी ग्राम पंचायतों को या तो हटाया जाएगा या उनके शेष राजस्व ग्रामों को निकटतम ग्राम पंचायतों में शामिल किया जाएगा। शासन ने ग्राम पंचायतों और राजस्व ग्रामों के आंशिक पुनर्गठन के लिए प्रत्येक जिले में एक चार सदस्यीय कमेटी गठित करने का आदेश दिया है। इस कमेटी की अध्यक्षता संबंधित जिले के जिलाधिकारी (डीएम) करेंगे, जबकि जिला पंचायत राज अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया गया है। कमेटी में मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भी सदस्य के रूप में शामिल होंगे। यह कमेटी ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन और परिसीमन के प्रस्ताव तैयार करेगी और 5 जून 2025 तक शासन को सौंपेगी। शासनादेश में यह भी निर्देश दिया गया है कि जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नगरीय निकायों के सृजन या सीमा विस्तार के बाद प्रभावित विकास खंडों की संशोधित अधिसूचना जारी हो चुकी हो। यदि किसी जिले में यह कार्य लंबित है, तो उसे तत्काल पूरा किया जाए। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि परिसीमन और पुनर्गठन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि या देरी पंचायत चुनाव की तैयारियों को प्रभावित कर सकती है। पंचायत चुनाव की तैयारियों को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए शासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रमुख सचिव, पंचायती राज अनिल कुमार ने नगर विकास विभाग को एक आधिकारिक पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि पंचायत चुनाव-2026 और ग्राम पंचायतों के पूर्ण संगठन तक नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों और नगर निगमों के सृजन या सीमा विस्तार पर रोक लगाई जाए। यह निर्णय इसलिए लिया गया है, क्योंकि नगरीय निकायों के क्षेत्र में परिवर्तन से ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण, वार्डों के निर्धारण और आरक्षण प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अप्रैल-मई 2026 में प्रस्तावित हैं। इस दौरान ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के लिए मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण, परिसीमन, वार्ड निर्धारण और आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जानी है। यदि इस बीच नगरीय निकायों का सृजन या सीमा विस्तार होता है, तो यह निर्वाचन संबंधी कार्यों में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

# कर्नल साहब इस तरह क्यों मांग रहे हमसे घूस, नही माने तो विजिलेंस ने सिखाया सबक

**वेलकम इंडिया**



बागेश्वर, गोविन्द मेहता, जिले में तैनात जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को कार्यालय के एक कार्मिक के अनुबंध बढाने के एवज में रिश्वत लेते विजिलेंस टीम ने घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजिलेंस टीम पिछले लगातार प्रदेश में भृस्टाचारियो पर नकेल कसने में जुटी है।बागेश्वर जिले 1 में विजिलेंस टीम की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। विजिलेंस टीम को शिकायत के बाद टीम एक हफ्ते से इस कार्यवाही को अंजाम देने में जुटी थी। जिला स्तर पर भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए जिम्मेदार जिले के सैनिक कल्याण अधिकारी को एक उपनल कर्मी से रिश्वत लेते पकड़े जाने से पूरे जिले मे हड़कम्प मचा हुआ है। लोगो का कहना है कि जब सेना के इतने बड़े स्तर के अधिकारी रिश्वत देते पकड़े जा रहे है। तो इससे सेना में ईमानदारी से कार्य जट रहे लोगो पर भी उंगलियां उठनी लाजमी है। जब केंद्र सरकार में देश सेवा के लिए कार्य करते सेना के बड़े अधिकारी रेंक में रहते कोई अधिकारी यदि किसी आम व्यक्ति को अपने दायित्व का दुरुपयोग कर पैसे की कमाई की सोचते है तो ऐसे में ऐसे भृष्ट अधिकारियों के खिलाफ आम व्यक्ति को आवाज उठानी ही चाहिए। हलद्वानी विजिलेंस की टीम को सैनिक कल्याण में उपनल के माध्यम से कार्यरत कार्मिक कैलाश चन्द्र पंत ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पर उनका अनुबंध बढाने के लिए 90 हजार रुपये मांगने की शिकायत की थी। कार्मिक की शिकायत पर विजिलेंस टीमबागेश्वर पहुँची जहां मामले की रैकी की गई।और रिश्वतखोर सैनिक कल्याण अधिकारी को पकड़ने के लिए जाल फैलाया।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर टीम का गठन कर शिकायत की जांच करते हुए विजिलेंस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से भृस्टाचारी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल डॉ. सुबोध शुक्ला को विजिलेंस टीम ने 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।

# शासन ने हापुड़ गन्ना समिति में हुए 7 करोड़ के घोटाले में लोकल कमेटी को भंग कर पांच सदस्य कमेटी गठित कर जांच के दिए आदेश

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार**




हापुड़/शासन के द्वारा हापुड़ की गन्ना सहकारी समिति में हुए करीब 7 करोड रुपए के घोटाले की जांच कर रही लोकल कमेटी को भंग कर पांच सदस्य कमेटी गठित कर दिए गए जांच के आदेश। आपको बता दें कि हापुड़ की एक गन्ना समिति में कार्यरत लिपिक भारत कश्यप के द्वारा बचत खातों से करीब 7 करोड रुपए घोटाले का खुलासा होते ही समिति के सचिव मनोज कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित तो कर दिया गया। लेकिन जांच में कई अधिकारियों के संलिप्त होने की आशंका जताई जा रही है। जिसमें शिकायतों के चलते शासन के द्वारा लोकल सदस्यों की कमेटी को भंग करने के साथ पांच सदस्य कमेटी का गठन किया गया है। वही इस मामले को लेकर गन्ना एवं चीनी आयुक्त प्रमोद कुमार ने बताया कि कमेटी अध्यक्ष हापुड़ एडीएम, सदस्य मुख्य वरिष्ठ कोषाधिकारी डीसी मुजफ्फरनगर संजय सिसोदिया, जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर फतेह सिंह चौधरी, गन्ना समिति रामराज मुजफ्फरनगर सुभाष यादव को नामित किया गया है।

# बुंदेलखंड बिजली जन आक्रोश आंदोलन का तीसरा दिन गहमागहमी का रहा !

**वेलकम इंडिया**




**झाँसी।** बुन्देलखण्ड बिजली जनआक्रोश आन्दोलन का तीसरा दिन गहमागहमी भरा रहा। शनिवार को आन्दोलन के दौरान मुख्य रूप से वक्ताओं ने बिजली विभाग के आरडीएसएस के अर्न्तगत 150 करोड़ रूपया खर्च कर बिजली विभाग को बदहाल स्थिति पहुॅचाने के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए रहा। पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि यह आन्दोलन कोई पार्टी विशेष का नहीं कर रही है। ये जन - जन का और सर्वदलीय आन्दोलन है और इसमें जनता की सहभागिता बढ़ रही है। उन्होंने कहा बिजली विभाग इस तरह हो गया है जैसे भैंस के आगे बीन बजाओ भैंस खड़ी पगुराये। कुछ भी बिजली विभाग सुनने के लिए तैयार ही नहीं है। उन्होंने कहा बिजली विभाग की भैंस एक सौ पचास करोड़ रुपए का चारा खा गयी है और कुछ भी पता नहीं चल रहा है कि एक सौ पचास करोड़ का चारा चला कहां गया है। अगर इतना पैसा ईमानदारी से खर्च किया गया होता तो आज ये दिन देखने को नहीं मिलते। बुन्देलखण्ड इससे पहले कभी इतना बिजली पानी के लिए बदहाल नहीं रहा जितना इस वर्ष बिजली और पानी की किल्लत झेल रहा है। सभी को संबोधित करते हुए पूर्व शहर अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन, विवेक बाजपेयी, व्यापारी नेता मुकेश अग्रवाल, अखिलेश गुरूदेव, टेक्सबार एसोसियेशन के अध्यक्ष रामेश्वर राय, गहोई वैश्य समाज के सरपंच प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष न्याय अधिकार बीएल भास्कर, सीडी लिटौरिया, आप जिलाध्यक्ष अरशद खान, शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्त रधुराज शर्मा, भरत राय, वैभव बटटा, बीएसपी के उत्कर्ष साहू, हरीश लाला, दिनेश भार्गव, अनिल कश्यप, विजय लक्ष्मी अयर, बिटटू सिंह कुशवाहा, युथप जैन पिंकी, मुन्नी देवी अहिरवार, आशिया सिददीकी, चौधरी परवेज, चौधरी फरहान, बालेन्द्र नायक, राजपाल बुन्देला, प्रदुम्न सिंह, मनीष दुबे और प्रजापति पार्टी के अध्यक्ष पंकज रावत ने एक सुर में ये बात कही कि बिजली विभाग की भैंस एक सौ पचास करोड़ रूपया चर गयी और स्थिति में कोई सुधार नहीं है। बिजली और पानी जनता के लिए दो मूलभूत सुविधाएं है और जनता का पेट झूठे वादों से भरा जा रहा है। जनता दम तोड़ रही है और सरकार अपने मद में मस्त है। उसे जनता की परेशानियों की कोई फिक्र नहीं है लेकिन हम जनता के प्रतिनिधि हैं हम अपना कर्तव्य अवश्य निभायेंगे। जब तक हालात नहीं सुधरते हैं हम सब अपना आन्दोलन जारी रखेंगे।

# जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर संबंधित को दिए दिशा निर्देश



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/जनपद में नव निर्माण अधीन रिजर्व पुलिस लाइन का जिला अधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा पैदल भ्रमण कर गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रिजर्व रिजर्व पुलिस लाइन में निर्माण कार्यदायी संस्था के कर्मचारीयों से वातार्लाप कर संबंधित अधिकारियों को दिए सख्त दिशा निर्देश। इस अवसर पर निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी मानवेंद्र सिंह, एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# मृतक खलील के घर पहुंच कर प्रभारी मंत्री ने आर्थिक मदद का सौंपा चार लाख रुपए का चैक



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर में मृतक खलील के घर पहुंचे प्रभारी मंत्री डॉ अरुण कुमार 21मई को आई तेज आंधी और तूफान में जनपद बुलंदशहर में हुई थी चार लोगों की मौत। प्राकृतिक आपदा में हुई चार लोगों की मौत पर प्रभारी मंत्री अरुण कुमार ने गहरा दुख व्यक्त किया सभी मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए के दिए चेक। बच्चों की पढ़ाई लिखाई का भी खर्च उठाएगी सरकार बोले मंत्री अरुण कुमार।किसानों के नुकसान के लिए सर्वे का कार्य किया जाएगा तेज किसानों की भी सरकार करेगी आर्थिक मदद प्रभारी मंत्री बोले हमारी सरकार हर संकट में किसान और जनता के साथ है।प्रधानमंत्री के चेक वितरण कार्यक्रम के दौरान मृतक के परिजनों के पास उनके साथ मौजूद रहे डिबाई विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी, एडीएम अभिषेक कुमार दानपुर ब्लॉक प्रमुख पति आनंद लोधी अन्य क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।जनपद के सभी मृतक के परिजनों को प्रभारी मंत्री अरुण कुमार ने चार-चार लाख रुपए के सौपे चेक डॉ अरुण कुमार वन एवं पर्यावरण मंत्री और बुलंदशहर प्रभारी मंत्री है।

# सहारा क्रेडिट सोसायटी को दिए 96 हजार, 348 के भुगतान आदेश

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने सहारा क्रेडिट के प्रबंधक, गैराड़ निवासी एक महिला तथा मैनेजिंग डायरेक्टर सहारा सोसायटी को पीड़ित को 96 हजार, 348 की राशि के साथ आठ प्रतिशत व्याज के हिसाब से आज तक भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। आदेश का पालन नहीं करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। चंद्रा देवी पत्नी ललित सिंह निवासी जोशी पालड़ी ने सहारा क्रेडिट कॉपरेटिव के प्रबंधक सुमित मेहता, ग्राम गैराड़ की सुनीता देवी पत्नी प्रकाश सिंह नगरकोटी तथा मैनेजिंग डायरेक्टर सहारा सोसायटी कार्यालय लखनऊ के खिलाफ उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज की थी। उन्होंने कहा कि सोसायटी में उन्होंने अपनी धनराशि फिक्स डिपोजिट की। 30 सितंबर 2020 को समावधि के बाद यह राशि 96 हजार 348 हो गई थी। कई बार सोसायटी से भुगतान के लिए आवेदन किया, लेकिन उन्हें धनराशि नहीं मिली। उन्होंने आयोग से न्याय दिलाने की मांग की। आयोग के अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल, सदस्य हंसी रौतेला, रमेश चंद्र सनवाल ने शनिवार को मामले की सुनवाई की। अभिलेखों और साक्षों को सुनने के बाद आयोग ने सोसायटी को 96348 तथा परिवक्तता के एक महीने के बाद से आज तक का आठ प्रतिशत साधारण वार्षिक दर से ब्याज समेत एकमुश्त भुगतान करने के आदेश दिए। इसके अलावा मानसिक वेदना की क्षतिपूर्ति दस हजार तथा वाद व्यय पांच हजार देने के आदेश दिए हैं।

# पुलिस मुठभेड :- एक बदमाश को लगी गोली, 6 ने किया सरेंडर

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** थाना चिरगांव क्षेत्र के अंतर्गत चिरगांव पुलिस व स्वाट, सर्वेलन्स पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही के दौरान बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि उसके छह साथी बदमाशों ने सरेंडर कर दिया। बदमाशों के कब्जे से घटनाओं में प्रयुक्त असलहा, कारतूस, 03 मोटर साइकिल तथा दो चोरी की घटना से सम्बन्धित सोने के आभूषण व नगदी बरामद हुए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम तथा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में देर रात करीब 03:00 बजे थाना चिरगांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम छिरौना व सिमथरी के पास थाना चिरगांव पुलिस एवं स्वाट/सर्वेलन्स टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 7 बदमाशों के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में बदमाश अतुल यादव निवासी माधवपुरा थाना भाण्डेर जनपद दतिया म0प्र0 गोली लगने से घायल हुआ है घायल बदमाश की जान की सुरक्षा हेतु पुलिस द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा साथी 06 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाशों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा कारतूस, 03 (दो पहिया वाहन) व थाना चिरगांव क्षेत्रान्तर्गत पूर्व में घटित चोरी की दो घटनाओं में चोरी गए सोने-चाँदी के आभूषण आदि बरामद किया गया।

# बरकाती कमेटी द्वारा हाजी अहमद पहलवान का किया सम्मान

**वेलकम इंडिया**



**झांसी –** महानगर की एक स्थानीय होटल में आज आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर आजाद के निर्देशन पर हाजी अहमद पहलवान को भाईचारा कमेटी का झांसी मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया है । हाजी अहमद के मंडल प्रभारी बनने के बाद उनके चाहने वालों में भारी उत्साह रहा एवं झांसी आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया गया । वहीं शहर के स्थानीय होटल में बरकाती कमेटी द्वारा सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें सूफी खानकाह एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राशिद बरकाती के नेतृत्व में सम्मान समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया । उक्त कार्यक्रम में श्री रफीक पहलवान एवं कल्लू भाई मछली वालों के द्वारा अतिथियों का शॉल पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । वहीं बरकाती कमेटी द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । वहीं हाजी अहमद पहलवान ने सभी को उद्बोषित करते हुए कहा कि आजाद समाज पार्टी सर्व जन सुखाय सर्व जन हिताए की नीति पर काम करती है, उन्होंने कहा हमारे समाज में भी कोई आपदा आती है तो आजाद समाज पार्टी उनके साथ हमेशा डट कर खड़ी रहेगी।। वहीं मुख्य अतिथि अनूप कुमार आजाद प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा कि इस देश में सितम परस्त ताकतों अत्याचार हो रहे हैं जो देश को बर्बाद करने पे तुली हुई हैं उसी ताकत को कुचलने के लिए हमारी पार्टी सदैव कार्यरत है ।

इस अवसर पर अय्यूब कुरैशी, निजाम कुरैशी, वकील बरकाती, इकराम कुरैशी, हैदर डेंटर, मुमताज भाई, युनूस भाई, मोहम्मद आजाद, शालू सिद्दीकी, ताजुद्दीन बरकाती, अहमद रजा हसमती, राजा बरकाती, सैयद अख्तर बरकाती, गोलू रजा आदि लोग उपस्थित रहे ।

# शाह नगर में हुआ सर्व समाज शादी सम्मेलन,लगा भव्य मेला

**वेलकम इंडिया**



**जनपद आगरा:**-जिले के थाना खंदौली क्षेत्र के शाह नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वीर अब्दुल हमीद की शहादत को याद किया गया ।इसके साथ ही सर्व समाज शादी सम्मेलन व मेले का भव्य आयोजन किया गया ।सर्व समाज शादी सम्मेलन में 02 गरीब बेटियों का विवाह किया गया ।शादी सम्मेलन खत्म होने के बाद मेले का उद्घाटन टेडी बगिया के पार्षद सज्जन अली व नाई की सराय के पार्षद डॉ यशपाल सिंह ने फीता काटकर किया ।उसके बाद मुख्य अतिथियों ने शहीद वीर अब्दुल हमीद व डॉ भीमराव अंबडेकर व पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया ।मेला कमेटी से सभी अतिथियों का फुल माला पहनाकर एंव साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया ।मेले में प्रशासन का भी बहुत अधिक सहयोग रहा थाना खंदौली पुलिस चप्पे चप्पे पर मौजूद रही ।मेले के मंच पर क्षेत्र के पत्रकार भी नजर आए मेला कमेटी ने पत्रकारों एंव अतिथियों का फूल माला पहनाकर एंव साफा बांधकर जोरदार स्वागत सम्मान किया। मेले के मंच का संचालन सादिक शाह अल्वी उर्फ सोनू भाई ने किया । मेले के पहले दिन कव्वालियों का प्रोग्राम किया गया लेकिन आंधी वारिश आने के कारण कव्वालियों को बीच में रोका गया ।बारिश आंधी के कारण मेले की व्यवस्थाएं खराब हो गई ।बारिश बन्द होने के बाद मेले को सुचारू रूप से चालू किया गया ।अगले दिन रसिया दंगल का प्रोग्राम मेला कमेटी की तरफ से रखा गया ।रसीए दंगल खिच्चो आटे वाले एंव दिलीप शर्मा के बीच में हुआ ।सभी क्षेत्रवासियों ने रसिया दंगल का भरपूर लुत्फ उठाया ।दोनों तरफ से कशमकश जुवानी युद्ध देखने को मिला ।मेला अध्यक्ष शमशेर अब्बास एंव संस्थापक गुड्डू मंसूरी ने बताया कि हम हर वर्ष मई माह में वीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस मनाते हैं और उनको याद करते हैं ।

# गर्मी में सर्दी का अहसास नन्हें मुन्ने बच्चों ने पानी में खूब मचाया धमाल

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** रुट्स इंटरनेशनल स्कूल, बिजनौर में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं के लिए पाँच दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत पूल पार्टी, डांस, पेंटिंग, पेपर क्राफ्ट क्ले-आर्ट, पोट पेंटिंग, सिंगिग, डांस,योगा आदि रचनात्मक गतिविधियों करायी गयी। सर्वप्रथम बच्चों ने अच्छे स्वास्थय के लिए योगाभ्यास व ध्यान लगाने की क्रिया की। छात्र-छात्राओ ने पेपर क्राफ्ट के माध्यम से फूल, बुके, वॉल हैंगिंग आदि बनाये। क्ले आर्ट के माध्यम से बच्चों ने अनेक प्रकार को आकृतियाँ बनाई, साथ ही साथ बच्चों ने डांस और सिंगिग द्वारा सबका मन मोह लियो बच्चों ने अपनी-अपनी रुचि के अनुसार भिन्न-भिन्न गतिविधियों में बढ़-चढकर भाग लियो समर कैम्प के अन्तिम दिन बच्चों ने पूल पार्टी का आनंद उठाते हुए गर्मी से राहत पाने हेतु पानी में खूब धमाल मचाया। विद्यालय के चेयरमैन शान्तनु गुप्ता, प्रबंधक शिवानी गुप्ता, डायरेक्ट आदित्य गुप्ता एवं प्रधानाचार्य दिनेश त्यागी ने बच्चों की इन गतिविधियों की सराहना करते हुए बच्चों को भीषण गर्मी से बचने के लिए जूस एवं फलों का अधिक सेवन करने की सलाह दी। प्रधानाचार्य दिनेश त्यागी ने समर कैंप के समापन पर समर कैंप के महत्व को बताते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियाँ बहुत महत्व रखती है, साथ ही प्रधानाचार्य दिनेश त्यागी ने ग्रीष्मावकाश की घोषणा करते हुए बच्चो की लू और गर्मी मे बचने के लिए पर्याप्त पानी पीने, धूप में बाहर निकलने से बचे, खाली पेट बाहर न जाने, लस्सी, छाछ, नींबू पानी, आम पन्ना, सत्तू का शरबत, सौंफ का पानी आदि घरेलू पेय पदार्थों का नियमित सेवन करनें की सलाह दी।

## विदेशी मदिरा एवं बीयर की कंपोजिट दुकानों का औचक निरीक्षण

**हाथरस।** अलीगढ़ प्रभार, अवैध शराब निर्माण बिक्री परिवहन भंडारण, अपमिश्रण, ओवर रेटिंग के प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशन तथा जिलाधिकारी हाथरस के पर्यवेक्षण तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी टीम जनपद हाथरस तथा आबकारी प्रवर्तन टीम अलीगढ़ प्रभार द्वारा संयुक्त रूप से नगला सिंघी, भगवन्तपुर, सठिया कोटा कपूरा आदि विभिन्न संदिग्ध ग्रामों में दबिश दी गई। साथ ही जनपद में सासनी गेट, नगला सड़क, भगवन्तपुर, टुकसान, मुरसान, रूहेरी, सासनी कस्बा, नगला गडू, आदि क्षेत्रों की विभिन्न देशी, विदेशी मदिरा एवं बीयर की कंपोजिट दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया । कार्यवाही के दौरान क्षितिज कुमार, आबकारी निरीक्षक हाथरस सदर, अच्छे लाल मिश्र आबकारी निरीक्षक सासनी, प्रियंका मिश्रा आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन अलीगढ़ प्रभार, सीमा कुमारी आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन अलीगढ़ प्रभार मय आबकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

# गोहावर में तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन हुआ



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** ग्राम गोहावर में तीन दिवसीय जी०पी०एल० 2025 क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन इंजीनियर कवीश राणा द्वारा फीता काटकर किया।

इंजीनियर कवीी राणा ने .खेल के महत्व को बताते हुए कहा खेल तनाव, चिंता को कम करने आत्मविश्वास में वृद्धि, एकाग्रता और स्मृति, संबंधों मे सुधार नए लोगों के मिलने के अवसर टीम पर और संचार कौशल को बढ़ता है खेल से सामाजिक संबंधों में सुधार नए लोगों के मिलने के अवसर टीमवर्क संचार कौशल में सुधार करता है क्षेत्र को स्टेडियम की आवश्यकता है जिसको पूर्ण करने में अपना पूरा सहयोग करूंगा। मैच नूरपुर- नौगांव सादात के बीच हुआ जिसमें नूरपुर की टीम विजय हुई ! आयोजन कर्ता सुधांशु कुमार, अंकुश ठाकुर, अरशद अंसारी रहे। इस मौके पर ग्राम प्रधान बबलू सैनी, परविंदर कुमार, शैलेंद्र कुमार, सुनील कुमार, अनिल, फतेह, सत्य प्रकाश, संजय, इरशाद, अनस, आलम आदि सैकड़ो ग्राम वासियों ने मैच का भरपूर आनंद लिया।

## निमार्णाधीन पुलिया के मलबे से टकराकर बाइक सवार तीन घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित गांव आल्दी बस स्टैंड के समीप निमार्णाधीन पुलिया के मलबे से टकरा कर अलग–अलग बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे डायल 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों के द्वारा घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। जनपद मुजफ्फरनगर के गांव पारसोली निवासी दीपक एवं धीरज बाइक पर सवार होकर हरियाणा के पानीपत से फैक्ट्री से कार्य समाप्त करने के बाद अपने गांव जा रहे थे बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित स्थित आल्दी बस स्टैंड के समीप निमार्णाधीन पुलिया के समीप पहुंचे तो निमार्णाधीन पुलिया के मलबे से टकरा कर दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी और कस्बा बुढाना निवासी दिलशाद पुत्र दीन मोहम्मद कैराना से बाइक पर सवार होकर अपने घर बुढ़ाना जा रहा था बाइक सवार निमार्णाधीन पुलिया के मलबे से टकरा कर घायल हो गया। घायलों की चीख–पुकार सुनकर घायलों ने 108 एंबुलेंस को जानकारी दी 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को समुचित इलाज के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

## घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के कई लोगों पर में घुसकर धारदार हत्यारों से हमला कर गंभीर रुप से घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी कविंदर ने बताया कि वह अपने घर पर बैठा हुआ था। तभी सुबह सवेरे पड़ोस की एक महिला सहित पिता पुत्र घर में घुस आए और आते ही पीड़ित के साथ गाली गलौज कर लाठी डंडों सहित धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी घायल अवस्था में छोड़कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने घायल अवस्था में उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने डाक्टरी परीक्षण करने के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित व्यक्ति ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## चिकित्सक हुआ ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार

**कांधला।** कस्बा निवासी एक प्राइवेट चिकित्सक ऑनलाइन शॉपिंग करने के चक्कर में धोखाधड़ी का शिकार हो गया। पीड़ित ने फिलिप कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन समान मंगाया था। सामान की जगह पर पैकिंग में पानी की बोतल व गत्ता भरा हुआ निकल गई। पीड़ित ने अपना वीडियो वायरल कर लोगों को जागरुक करते हुए ऑनलाइन समाना नहीं करने की अपील की है। कस्बा निवासी डॉक्टर मुस्तकीम ने शनिवार को बताया कि उसने कई दिन पूर्व मोबाइल पर एक पंखे का ऐड देखा था जिसमें भारी छूट दिखाई गई थी। और होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही थी। पीड़ित ने फिलिप कार्ड के माध्यम से पंखा बुक करते हुए ऑनलाइन शॉपिंग की थी। शनिवार को डिलीवरी बॉय पीड़ित का सामान लेकर पहुंचा और देकर वापस चला गया। जब थोड़ी देर के बाद पीड़ित ने पैकिंग खोलकर देखा तो उसकी अंदर से एक पानी की बोतल व गत्ता भरा हुआ हुआ निकला। पीड़ित चिकित्सक ने शिकायत कंपनी के पास की तो कंपनी के कर्मचारी ने बताया कि उनका पैकिंग खुलने के बाद कोई भी जिम्मेदारी नहीं है। पीड़ित चिकित्सक ने अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए लोगों को जागरुक कर बताया कि कोई भी ऑनलाइन सामान की शॉपिंग ना करें जो समय रहते धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सके। चिकित्सा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## सेवा भारती शिक्षा के कर्मचारियों ने की असमाजिक तत्वों की शिकायत

**कांधला।** सेवा भारती शिक्षा शिविर के आयोजकों के द्वारा शिकायती पत्र देकर शिविर के समय असमाजिक तत्वों के द्वारा शिविर के दौरान व्यवधान पैदा करने की शिकायत करते हुए पेट्रोलिंग कर कार्यवाही की मांग की है।
नगर के प्राचीन श्री सिद्धपीठ सूरज कुण्ड महादेव मंदिर पर गत वर्षों से सेवा भारती के द्वारा एक निशुल्क संस्कार केन्द्र का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाती है। सेवा भारती के नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने शनिवार को थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वर्तमान में शिविर में 100 से अधिक छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते है, सेवा केन्द्र के द्वारा आयोजित शिविर के दौरान मंदिर प्रांगण के आस पास असामाजिक तत्वों का जमावडा लगाना शुरू हो जाता है, जिससे वहां का वातावरण दूषित हो रहा है तथा बच्चों की शिक्षा पर उसका नाकात्मक प्रभाव पड रहा है। आरोप है कि उक्त लोगों की गतिविधियां संदेहास्पद है तथा उनके क्रिया कलापों से संस्कार केन्द्र की गरिमा व उसके उद्देश्य प्रभावित हो रहे है। उक्त लोग वहां पर नशा आदि करके आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते है। जो भावी पीढ़ी के लिए भी अनुचित उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। राजेन्द्र वर्मा ने संस्कार केन्द्र के समय में पेट्रोलिंग कराते हुए असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए संस्कार केन्द्र का शांतिपूर्ण वातावरण पुन: स्थापित कराने की मांग की है। जिस पर थाना प्रभारी क्षितिज कुमार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि जल्द ही ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी

# शहीदो को याद कर निकालीं गई भाव्य तिरंगा यात्रा

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा न कार्यकर्ताओ सहित सर्व समाज ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में नगरवासियों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की।

शनिवार को भाजपा के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद नगर के श्री मनकामेश्वर नीलकंठ एवं दुर्गा मंदिर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ भाजपा के एमएलसी वीरेंद्र सिंह एवं जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में धार्मिक, सामाजिक, व्यापारी, राजनैतिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाते हुए युवाओं में देशभक्ति का जज्बा भरा। तिरंगा यात्रा रेलवे रोड, मौहल्ला सरावज्ञान, मौहल्ला खैल, मौहल्ला रायजादगान, हरिजन चौपाल, आर्य समाज मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, मैन बाजार से होते हुए वीर अब्दुल हमीद चौक पर पहुंच कर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर जलपान कराते हुए स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद निर्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की अगुवाई में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सैकड़ों आतंकवादियों को मार दिया। वही वीरेन्द सिंह ने कहा कि हमारी सेना विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है, भारतीय सेना ने मात्र 22 मिनट में ही पाकिस्तान में उसके नौ सबसे बडे आंतकी ठिकानों को तबाह करके अपनी क्षमता का लोहा पूरे विश्व को मानने के लिए मजबूर किया। को तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष डा रश्मिकांत जैन, ब्लॉक प्रमुख डा विनोद मलिक, तरूण अग्रवाल, नावेद जंग, हाजी इस्लाम, नवीन मलिक, नवाज प्रधान, तनवीर जंग,, इन्द्रपाल, सुबोध भारतीय, रणधीर प्रधान, अमन मित्तल, व्यापारी ईश्वर दयाल कंसल, पूर्व सभासद जहांगीर, सभासद यशु सैनी, समाजसेवी जुनैद अली,दीपक गुप्ता, सर्वेश वर्मा, सुधा तोमर के सहित सैकडों नगरवासी मौजूद रहे।

## पीड़ित महिला ने किसी दूसरे अधिकारी से अपने पति के एक्सीडेंट की जांच कराकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवाने की मांग की


**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर श्रीमती रेणु पत्नी नीरज कुमार निवासी ग्राम चक गोवर्धन थाना नेहटोर ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को संबोधित प्रार्थना पत्र मान्य मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोर्टल पर दर्ज करा कर पति को एक्सीडेंट करके करने वाले को जेल भिजवाने की मांग की है पीड़ित महिला का कहना है वह दिनांक 3 4 2025 को अपने पति के साथ बाइक से अपने घर जा रही थी बिजनौर झालू रेलवे फाटक से पहले सामने से तेजी से लापरवाही से चलते हुए ट्रैक्टर नंबर यूपी 12 ए एस 9963 मॉडल महिंद्रा अर्जुन ने के ड्राइवर ने गलत तरीके से मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे उसके पति की मौके पर मृत्यु हो गई वह गंभीर रूप से घायल बेहोश हो गई उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया पीड़िता के बीमार ससुर कोतवाली बिजनौर पहुंचे जहां पर पुलिस ने अपनी मर्जी से तहरीर लिख वॉकर एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली पीड़िता ठीक होने के बाद थाना कोतवाली बिजनौर गई और ट्रैक्टर का नंबर विवेचना अधिकारी दरोगा संजीव कुमार को दिया उन्होंने पीड़िता को न्याय का शासन दिया लेकिन वह आरोपी से हम साज हो गया पीड़ित आने अन्य अधिकारी से जांच कराकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाइ पीड़िता का कहना है उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं।

## साईं पब्लिक स्कूल चांगीपुर में समर कैंप का आयोजन, बच्चों ने सीखी रचनात्मक गतिविधियां

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** चांगीपुर स्थित साईं पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की रचनात्मक और शैक्षणिक गतिविधियाँ कराई गईं।

विद्यालय प्रशासन द्वारा कक्षा-वार समूह बनाकर बच्चों के लिए योग, खेलकूद, पुस्तकालय अध्ययन जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। छोटे बच्चों के लिए जीडी कक्षा के माध्यम से सिंधु सभ्यता, भारतीय इतिहास, प्रेरक कहानियाँ और शैक्षणिक कार्टून प्रस्तुत किए गए, जिससे बच्चों में रुचि और समझ का विकास हुआ। विद्यालय की प्राथमिक और जूनियर कोऑर्डिनेटर भावना राजपूत और अमरीन रियाज ने इन गतिविधियों का संयोजन सावधानी पूर्वक किया। विद्यालय के प्रबंधक लोकेन्द्र चौहान ने बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था की, जबकि संरक्षक मोहित सिंह ने बच्चों की आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध कराईं। इस दौरान सभी शिक्षक उपस्थित रहे और बच्चों के साथ पूर्ण सहभागिता निभाते हुए अपनी जिम्मेदारियाँ बखूबी निभाईं। समर कैंप के माध्यम से बच्चों को अवकाश से पूर्व सीखने और मनोरंजन का उत्कृष्ट अवसर मिला।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में समर कैंप का भव्य समापन हुआ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल में चल रहे समर कैंप का बड़े उत्साह और उमंग के साथ समापन हो गया। पूरे कैंप के दौरान बच्चों में सीखने और मनोरंजन का जो जोश देखने को मिला, वह अंतिम दिन अपने चरम पर था। समापन दिवस की मुख्य आकर्षण रेन डांस रहा, जिसने बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को एक साथ झूमने पर मजबूर कर दिया। फुहारों के बीच बच्चों ने खूब मस्ती की और इस अनूठे अनुभव का भरपूर आनंद लिया। जिससे कैंप का अंतिम दिन यादगार बन गया। रेन डांस के साथ-साथ, पिछले दिनों से चली आ रही रोमांचक गतिविधियां भी जारी रहीं। समापन समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने सभी की भागीदारी और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। समग्र रूप से फादरसन पब्लिक स्कूल का यह समर कैंप बच्चों के लिए ज्ञान, मनोरंजन और नए अनुभवों का एक शानदार अवसर रहा। बच्चों ने न केवल नई कलाएं सीखीं, बल्कि नए दोस्त भी बनाए और जीवन भर याद रहने वाली यादें संजोईं।

# ब्राह्मण सभा चुनाव अधिसूचना घोषित के बाद रविवार से प्रधान व अन्य पदाधिकारियों व कार्यकारिणी नामाकरण फार्म भरें जाएंगे : चुनाव अधिकारी : दयानंद वत्स

**वेलकम इंडिया**

**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** जिला ब्राह्मण सभा हिसार का चुनाव अधिकारी दयानन्द वत्स ने बताया कि 73 कोलेजियम सर्व सम्मति से नाम घोषित किए गए ।उसके बाद 20 मई बाकी कोलेजियम चुनाव में विजयी रहे ।इस प्रकार अब 105 सदस्य नई कार्यकारिणी के प्रधान व अन्य पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे । चुनाव अधिकारी ने चुनाव अधिसूचना को जारी कर दी हैं । प्रधान , उपप्रधान , महासचिव ,सहसचिव, कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी के सदस्यों पद हेतु नामांकन फार्म 25 मई रविवार में से 26 में प्रातः 10:00 बजे से 3:00 बजे तक जहाजपुर श्री ब्राह्मण धर्मशाला में होगे । नामाकरण पत्रों की जांच पड़ताल 27 मई 2025 1 बजे , चुनाव लड़ने की फाईनर लिस्ट 28 मई , चुनाव तिथि 1 जून , मतदान का समय 7 बजे से 5 बजे तक व चुनाव गिनती व परिणाम सांय तक । प्रधान व अन्य पदाधिकारियो फार्म फीस फर 100 रुपए और सिक्योरिटी फीस 5100होगी । कार्यकारिणी के सदस्य सिक्योरिटी 1000 रुपए होगी । मतदान के समय कॉलेजियम सदस्य को संस्था का आजीवन कार्ड साथ में लाना होगा । डाक्टर राजकुमार शर्मा का कहना है कि चुनाव सर्वसम्मित से हो तो अच्छा है ।समाज में एकता बनी रहती और मजबुती रहती हैं ।इसको लेकर आपस में बातचीत चल रही । सेवानिवृत कार्यकारी अभियन्ता नगर निगम हरिकृष्ण शर्मा से जब



इस संवाददाता ने मोबाइल से बातचीत की तो उनका कहना है कि समाज के लोगों को बैठ कर सर्व सम्मति से चुनाव पर सहमति करनी चाहिए ओर एकता से समाज मजबुत का सन्देश जाता है ।यदि समाज के लिए मैं इस कार्य के त्याग भी दे दुगां । समाज से बड़ा कुछ भी नहीं है । अब देखते है कि चुनाव प्रक्रिया कल से शुरू हो गई दो दिन तक नामांकरण फार्म भरने की तिथि है । उसके बाद स्थिति साफ हो गई ।चुनाव होगे या सर्व सम्मति से प्रधान कार्य कारिणी बनेगी ।हिसार के वार्ड 1 से कोलेजियम विजयी प्रत्याशी सुनील दत्त ,2 से दीवान चन्द्र ,3 से सतपाल शर्मा ,4 से मनोज कुमार शर्मा ,5 से राहुल शर्मा ,6 से विनोद कुमार ,7 से रतनलाल ,8 से मुरलीधर शर्मा ,9 से रामचन्द्र ,10 से संजय कुमार,11 से कपिल ,12 से राजेश कुमार ,13 से रमन शर्मा ,14 से मनजीत ,15 से दैनश कुमार शर्मा ,16 से नरेश कुमार ,17 से उमेश चन्द ,18 से राजेश ,19 से रामदयाल ,20 वार्ड से योगश गौतम ,21 से वीरेन्द्र ,22 से शमशेर ,23 से बलवान ,24 से ललित कुमार , 25 से सागर शर्मा ,26 से विकास ,27 से छाजू राम ,28 से फकीर चन्द्र शर्मा , 29 से नवीन ,30 से नवीनकुमार ,31 से राजेश कुमार अत्री ,32 से रिकुं पोलिस्ट ,33 से अमित भारद्वाज उर्फ अन्नु मुढ़ाल वाले हांसी से ,34 से शिवशंकर हांसी ,35 वार्ड से मनमोहन , लाल सड़क ,36 से मालिया मण्डी श्री ब्राह्मण धर्मशाला के प्रधान एडवोकेट मुकेश ,37 से बलवीर सिंह ,38 से सुनील शर्मा ,39 से सुशील कुमार ,40 से सुधीर ,41 से जयपाल शर्मा 42 से सुदेश कुमार ,43 से सुमित शर्मा ,44 से रवि शंकर शर्मा ,45 से अनिल कुमार ,46 से विरेन्द्र शर्मा ,47 से बलवन्त ,48 से जगत सिंह ,49 से रविन्द कुमार शर्मा ,50 से राजेश शर्मा ,51 से सुशील शर्मा ,52 से अरुण कुमार ,53 से रीता शर्मा ,54 से सत्यवान शर्मा ,55 से दीपक गौतम ,56 से प्रेम शर्मा ,57 से हरिकृष्ण शर्मा ,58 से डाक्टर सज्जन कुमार ,60 से कुलभूषण आदि।

# सीएटीसी,123 कैंप के पांचवें दिन छात्रों को आपदा के समय में होने वाले बचाव के संबंध में दी जानकारी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 35 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर में चल रहे सी ए टी सी,123 कैंप के पांचवें दिन का आरंभ सुबह पीटी व योगा से किया गया। जिसमें पीटी इंस्ट्रक्टर ने योग व पीटी के अभ्यास के साथ-साथ उसके लाभ के बारे में भी जानकारी दी। उसके उपरांत कैडेट को ड्रिल कराई गई तथा राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल 8 के द्वारा छात्रों को आपदा के समय में होने वाले बचाव के संबंध में जानकारी दी ।एनडीआरएफ टीम द्वारा बाढ़, आग, भूकंप आदि के समय बचाव, स्ट्रेचर बनाना, लाइफ बोट बनाने ,आदि का प्रदर्शन किया गया। एनडीआरएफ टीम में इंस्पेक्टर ललित, कप्तान सिंह व अन्य जवान उपस्थित थे। जिन्हें कैंप कमांडर कर्नल पी के सिंह द्वारा वाहिनी की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।उसके उपरांत कैडेट्स को गेम परेड के दौरान बैडमिंटन ,फुटबॉल ,खो खो, बास्केटबॉल आदि खेलो में प्रशिक्षण कैंप एडजुडेंट लेफ्टिनेंट नागेंद्र कुमार लेफ्टिनेंट राजीव कुमार ,ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार व ऑफिसर अनुराग गुप्ता आदि के निर्देशन में दिया गया। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया, सूबेदार मेजर परमानंद ,जीसीआई सोनिया, केयर टेकर कोमल, सूबेदार निर्दोष थापा, सूबेदार सूर्यमान गले, सूबेदार अफतार हुसैन, हवलदार पंकज कुमार, हवलदार संजीत कुमार ,हवलदार संतोष कुमार यादव, हवलदार पवन, हवलदार भूपराम, मनोज कुमार ,विनय, विपिन कुमार, फरजंद अली, चंद्रवीर आदि लोग उपस्थित थे।

# नींव द स्कूल मे छात्र -छात्राओं के लिए विशेष समर कैंप का आयोजन हुआ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नींव द स्कूल मे 16 मई से 23 मई तक छात्र-छात्राओं के लिए विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की क्रियाएं जैसे ताइक्वांडो ,फायरलैस कुकिंग, स्केटिंग ,जुंबा ,फेस पेंटिंग ,डांस एवं योगा आदि का प्रबंध किया गया ।स्कूल के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर समर कैंप में हिस्सा लिया और अपनी कला एवं योग्यता का भरपूर प्रदर्शन किया ।इस तरह की क्रियाएं बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं कैंप के आखिरी दिन में सभी बच्चों के लिए फूड पार्टी का आयोजन किया गया ।सभी छात्र-छात्राओं ने प्रबंधक अमित अग्रवाल एवं उप प्रधानाचार्य श्रीमती रोमी शर्मा को धन्यवाद प्रकट किया। उप प्रधानाचार्य श्रीमती रोमी शर्मा एवं सभी अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं की कला एवं प्रतिभा के लिए उन्हें प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रेरित किया।

# विकलांग जनों के लिए ब्लॉक में लगाया गया कैंप





वेलकम इंडिया

बुलंदशहर शनिवार को शिकारपुर विकासखंड परिसर में प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में विकलांग जनों को कृत्रिम अंग चयन के संबंध में एक कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप में दिव्यांग जनों ने अपने रजिस्ट्रेशन कराये और जिन व्यक्तियों का कृत्रिम अंगों के लिए चयन किया गया है उनको आगे आने वाली तारीख को सभी चयनित दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मौके पर ए,डी,ओ,समाज कल्याण नपेंद्र यादव ,चांद बाबू ,नत्थी सिंह आसिफ आदि उपस्थित रहे।

# 29 मई हड़ताल में विद्युत कर्मी बिना इजाजत शामिल तो नौकरी से धोना पड़ सकता है हाथ : योगी सरकार

वेलकम इंडिया




**इंद्रेश शर्मा , उत्तर प्रदेश।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बिजली संकट गहराने की आशंका है, क्योंकि 29 मई से बिजली कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। यह हड़ताल प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में की जा रही है। सरकार ने इस बार सख्ती दिखाते हुए चेतावनी दी है कि आंदोलन में शामिल होने वाले कर्मचारियों को बिना किसी जांच के नौकरी से निकाल दिया जाएगा। बिजली व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए सरकार ने नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि यह टकराव किस ओर मोड़ लेता है। उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर सरकार ने बहुत कड़ा कदम उठाया है।29 मई को बिजली कर्मचारी हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। वे बिजली व्यवस्था को प्राइवेट (निजी) किए जाने का विरोध कर रहे हैं।सरकार ने कहा है कि अगर कोई भी कर्मचारी बिना इजाजत के हड़ताल में शामिल हुआ, तो उसे बिना पूछे ही नौकरी से निकाल दिया जाएगा।इसके अलावा सरकार ने यह भी कहा है कि कर्मचारी को उसके पद से हटाया जा सकता है या उसकी पोस्ट घटाई जा सकती है। यह सब फैसला एक नए नियम के तहत किया गया है, जिसे पावर कॉरपोरेशन ने 2020 में बनाया और अब उसमें बदलाव किया गया है। सरकार चाहती है कि बिजली की सेवा में कोई रुकावट न आए, इसलिए यह सख्ती की जा रही है।पावर कॉरपोरेशन की एक बैठक में यह फैसला हुआ है कि कर्मचारियों के लिए बनाए गए नियम अब और सख्त किए जाएंगे।यह नियम पहले से बने थे, जिनका नाम है कार्मिक (अनुशासन और अपील) नियमावली 2020। अब इसमें 5वीं बार बदलाव किया गया है, जिससे ये नियम और कड़े हो गए हैं।नए नियम के मुताबिक, अगर कोई कर्मचारी हड़ताल करता है या किसी आंदोलन में शामिल होता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने साफ कहा है कि बिजली की सप्लाई में कोई रुकावट नहीं आनी चाहिए। जो भी कर्मचारी ऐसा करेगा, उसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। यह नया नियम अब लागू हो चुका है और इसका नाम रखा गया है पावर कॉरपोरेशन कार्मिक (अनुशासन और अपील) (5वां संशोधन) नियम 2025।

# बाल संस्कार शिविर का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के कपुरपुर थाना क्षेत्र में भारत विकास परिषद अदिति शाखा गुलावठी की तरफ से जय राधे श्याम स्कूल नरेना में एक बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया जो दिनांक 10 में से 23 में तक लगाया गया जि सका समापन 14 में को किया गया जिसमें शाखा के दायितधारी एवं सदस्य शिक्षक गण एवं बाल बालिकाओं का सहयोग रहा जिसे में बालिकाओं ने डांस, मेहंदी, कुकिंग, सिलाई, पेंटिंग, सुलेख इत्यादि में पार्टिसिपेट किया जिसमें जय राधेश्याम स्कूल मेंशास्त्री टीचिंग स्टाफ के अलावा अदिति शाखा के अध्यक्ष रामकुमार वर्मा, सचिव हैप्पी वर्मा कोषाध्यक्ष चंद्रभान गुप्ता मधुबाला वर्माआदि प्रमुख मातृ पितृ बंधन महिला , संयोजिका, कल्पना भारद्वाज, ओमलता गुप्ता, जया वर्मा अभिषेक वर्मा आदि का सहयोग रहा 193 बालिकाएं एवं 35 महिलाओं ने पार्टिसिपेट किया कुल संख्या 203 बच्चों ने भाग लिया।

# विद्युत विभाग की टीम ने ग्राम हरौड़ा में चलाया सघन चेकिंग अभियान



वेलकम इंडिया

**सहारनपुर/ गागलहेडी।** विधुत विभाग ने विजिलेंस पुलिस टीम के साथ ग्राम हरौडा में छापेमारी कर बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के कांटे कनेक्शन। विद्युत विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं के विधुत कनेक्शनों को चेक किया। विद्युत विभाग ने विधुत चोरी व बकायादारों व बिल जमा ना करने वालो के विरुद्ध चलाया विशेष चेकिंग अभियान। सहारनपुर मुख्य अभियंता राजेश कुमार व अधीक्षण अभियंता शिशिर कुमार चाही व अधिशासी अभियंता संजीव कुमार सहारनपुर के निर्देशन में विद्युत विभाग ने विजिलेंस की टीम के साथ चैकिंग अभियान चलाया चैकिंग अभियान बिजली चोरी रोकने के लिए उप खंण्ड अधिकारी अंकित त्यागी कैलाशपुर के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने हरौडा गांव में एक साथ मिलकर छापामारी की कई घंटे चले इस अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को मीटर से अलग केबिल डाल कर विद्युत चोरी करते पकड़े गए लोगों के विरुद्ध विभाग द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा रही है इस दौरान बकायेदारों को समय पर बिजली का बिल जमा करने को कहा गया। बिजली जमा न करने वालो को कनेक्शन काटने की चेतावनी दी गई। चैकिंग के दौरान कैलाशपुर उपखण्ड अधिकारी अंकित त्यागी व अवर अभिमत्ता सुनील कुमार अमित कुमार. व आशीष कुमार. एवम ,विजिलेंस पुलिस बल एवं संविदाकर्मी व लाइनमैन स्टाफ के साथ चैकिंग अभियान में विभागीय स्टाफ मौजूद रहा।

# तूफान से भारी नुकसान वाली समस्या से मेरठ मंडलायुक्त को अवगत कराया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 21 तारीख शाम को आए अचानक तूफान से आम' लीची व नाशपाती के बागों में लगभग 80% की फसल खत्म हो गई है। आम व लीची का किसान बबार्दी के कगार पर है।इसी समस्या को लेकर आज रालोद का एक प्रतिनिधिमंडल मेरठ मंडलायुक्त हृषीकेश भास्कर से चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल के नेतृत्व में मिला और इस भारी नुकसान वाली समस्या से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने तत्काल इसका सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए कहा।इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ' रणबीर दहिया प्रदेश सचिव' पतला चेयरमैन देवेंद्र सिंह' युवा रालोद के अध्यक्ष जयदीप सिंह' युवा रालोद के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता कपिल चौधरी' आजाद सभासद व राजेन्द्र सिंह जी आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

# पंजाबी संगठन में कुष्ट आश्रम में निर्माण कार्य के लिए सीमेंट के कट्टों का किया सहयोग



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पंजाबी संगठन मोदीनगर द्वारा कुष्ठ आश्रम में निर्माण कार्यों के लिए संगठन की ओर से 80 सीमेंट के कट्टों का सहयोग किया है ।पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर ने बताया कि मोदीनगर कुष्ठ आश्रम में निर्माण कार्य किया जाना है।इसको लेकर पंजाबी संगठन ने निर्माण कार्य के लिए सहयोग स्वरूप विधायक डॉ मंजू शिवाच के समक्ष कुष्ठ आश्रम मोदीनगर को 80 सीमेंट के कट्टों का सहयोग किया है। इस अवसर पर अध्यक्ष अजय ग्रोवर, जनरल सेक्रेटरी संजय नैयर, उपाध्यक्ष राजा छाबड़ा, उपाध्यक्ष राजकुमार ढींगरा, विजय मेहरा, संजय गुलाटी, रमेश खुराना, राहुल बाहरी इत्यादी मौजूद रहे।

# सावधान ! जिले भर में फर्जी झोलाछाप डाक्टरों व पैथोलॉजी लैबो के वीडियो सोशलमीडिया पर हो रहे वायरल

वेलकम इंडिया, संवाददाता हाथरस



**हाथरस। (जितेन्द्र कुमार)** जिला भर में झोलाछाप डाक्टरों के अवैध क्लीनिकों का वीडियो सोशलमीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जिसमें सैकड़ों वीडियो फेसबुक एकाउंट पर डले हुए है। जिनमें बिना डिग्री व रजिस्ट्रेशन और अप्रशिक्षित होने की कमियाँ बताई गई है।इनमें मेडिकल स्टोर सहित लैव पैथोलॉजी भी शामिल हैं।लेकिन फिर भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जानकर भी अंजान बन रहे हैं, जैसे उनको कुछ पता नहीं हो।हाथरस शहर से लेकर सिकदंराराऊ रोड़ सलेमपुर, सिकदंराराऊ, पुरदिल नगर, हसायन और सादाबाद, सहपऊ क्षेत्र के गुतहरा, मुरसान, मुरसान के कोटा कपूरा, सासनी रोड़ के रुहेरी और सासनी में झोलाछाप डाक्टरों की भरमार दिखाई दे रही है। आए दिन झोलाछाप डाक्टरों के घर बढते ही जा रहे हैं। दरसल वायरल वीडियो हाथरस शहर के माया टाकीज के पास हेमू क्लीनिक होम्योपैथिक जितेन्द्र कुशवाहा के द्वारा चलाना फर्जी रजिस्ट्रेशन के बताया जा रहा है। हाथरस में जलेसर रोड़ के परसारा अड्डा काशीराम कालोनी आरके गुप्ता का फजीर्वाड़ा बताया गया है, वही मेंडू रोड़ चौबे बाले महादेव के पास नितिन मिश्रा, भूरापीर चौराहे पर मुवीन खान डाक्टर अवैध क्लीनिक चला रहे हैं। नगला अलगर्जी रोड़ गगा नगर कालोनी गली नबंर चार में मुस्कान नाम से घर में ही क्लीनिक है जिसके संचालक डा राकेश कुमार गोला बिना डिग्री के इलाज कर रहे हैं। विष्णु पुरी में चांमुडा मंदिर के पीछे एक गली में लक्ष्मी नारायण डाक्टर किराए की दुकान लेकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

# कैंसर के इलाज में क्वांटम हीलिंग और फ्रीक्वेंसी थेरेपी की नई शुरूआत राजीव गांधी कैंसर अस्पताल, दिल्ली में ऐतिहासिक सेमिनार

वेलकम इंडिया



नई दिल्ली, 23 मई शुक्रवार को देश के प्रतिष्ठित राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र में आज एक ऐतिहासिक सेमिनार आयोजित हुआ, जिसमें प्रख्यात न्यूरोसर्जन डॉ. पी. के. झा ने क्वांटम हीलिंग व फ्रीक्वेंसी थेरेपी को कैंसर के इलाज में एक नए युग की शुरूआत बताया। 100 से अधिक वरिष्ठ डॉक्टरों, सर्जनों और विशेषज्ञों की उपस्थिति में आयोजित इस सत्र में मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रावल, चिकित्सा अधीक्षक (टर) एवं संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम केवल विचार-विमर्श नहीं, बल्कि कैंसर के इलाज में एक क्रांतिकारी बदलाव की घोषणा था।डॉ. झा ने समझाया कि फ्रीक्वेंसी थेरेपी शरीर की सूक्ष्म ऊर्जा प्रणाली को सक्रिय कर मरीज की रिकवरी को तेज करती है, उपचार के दौरान होने वाले दुष्प्रभावों को कम करती है, कीमोथेरेपी व रेडिएशन के प्रति सहनशीलता को बढ़ाती है, और मानसिक व भावनात्मक शक्ति को मजबूत बनाती है। हम सिर्फ रसायनिक नहीं, विद्युत-चुंबकीय इकाई भी हैं।जब तक चिकित्सा इन दोनों पक्षों को नहीं समझेगी, उपचार अधूरा रहेगा। जैसा आइंस्टीन ने कहा था झ 'भविष्य की चिकित्सा फ्रीक्वेंसी पर आधारित होगी।' अब वह भविष्य आ गया है,ह्व – डॉ. झा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा। इस अवसर पर समाजसेवी श्रीमती मीनाक्षी गर्ग भी उपस्थित रहीं, जो गरीब कैंसर मरीजों को वित्तीय व अन्य सहायता प्रदान करती हैं। इस विचार से प्रेरित होकर उन्होंने समाज में फ्रीक्वेंसी हीलिंग सेंटर शुरू करने की इच्छा व्यक्त की, जिससे यह उपचार आम जनता के लिए सुलभ हो सके। इस पहल के तहत अस्पताल में जल्द ही एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक कैंसर उपचार के साथ फ्रीक्वेंसी थेरेपी को जोड़ा जाएगा।

# गाजियाबाद को मिला अंतरराष्ट्रीय जल पुरस्कार सीएम योगी ने की निगम के प्रयासों की सराहना

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम के महत्वाकांक्षी ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ी है। भूगर्भ जल संरक्षण और शोधित जल के सदुपयोग की दिशा में निगम द्वारा किए जा रहे अभिनव प्रयासों को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित एक भव्य समारोह में गाजियाबाद नगर निगम को प्रतिष्ठित ग्लोबल वाटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार, वी ए टेक वबाग लिमिटेड के माध्यम से प्राप्त हुआ, गाजियाबाद के जल संरक्षण प्रयासों की वैश्विक स्वीकृति है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को साझा करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उन्हें ग्लोबल वाटर अवार्ड की ट्रॉफी भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जल संचयन और शोधित जल के उपयोग के लिए संचालित विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल न केवल शहर के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने विशेष रूप से साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में शोधित जल के उपयोग से भूगर्भ जल के संरक्षण को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने नगर आयुक्त और उनकी टीम को निर्देशित किया कि साहिबाबाद के सफल मॉडल को मोहन नगर और राजेंद्र नगर जैसे अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी लागू किया जाए, ताकि भूगर्भ जल संरक्षण के प्रयासों को और गति मिल सके। महापौर सुनीता दयाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गाजियाबाद नगर निगम शहर के पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट के तहत वसुंधरा क्षेत्र में स्थापित 40 एमएलडी क्षमता का टर्शरी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (टीएसटीपी) साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को शोधित जल उपलब्ध करा रहा है, जिससे भूगर्भ जल का दोहन कम हुआ है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि निगम जल्द ही अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी इसी तरह की परियोजनाएं शुरू करेगा। महापौर ने निगम अधिकारियों को शहर के निर्माण कार्यों, उद्यानों और स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में भी शोधित जल के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए, ताकि जल संरक्षण और सदुपयोग सुनिश्चित हो सके। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने परियोजना की तकनीकी और वित्तीय पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगभग 319 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित टीएसटीपी प्लांट में अत्याधुनिक विदेशी उपकरणों का उपयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की 1500 औद्योगिक इकाइयों में से लगभग 900 को जल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं और शेष पर कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस परियोजना की सफलता ने साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में भूगर्भ जल के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जलकल विभाग औद्योगिक क्षेत्र तक शोधित जल पहुंचाने का कार्य कुशलतापूर्वक कर रहा है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पर महापौर और नगर आयुक्त ने गाजियाबाद के नागरिकों को बधाई दी और इस उपलब्धि को शहर की सामूहिक सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार गाजियाबाद को जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नोएडा शाहबेरी के सड़क का हुआ चौड़ीकरण, जाम से मिलेगा छुटकारा

वेलकम इंडिया




इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर ग्रेटर नोएडा से गाजियाबाद तक सफर करने वालों के लिए बड़ी राहतभरी खबर है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शाहबेरी रोड को चौड़ा करने का काम अब पूरा हो गया है। लोगों ने शुक्रवार से इस पर आवाजाही भी शुरू कर दी है। इस सड़क के अब दो लेन होने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इटेड़ा गोलचक्कर से क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद की ओर आना-जाना पहले से अधिक सुगम हो गया है। सड़क के दोनों तरफ जल निकासी के लिए आरसीसी ड्रेन का निर्माण भी किया गया है। इससे बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या दूर हो जाएगी। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी इस सड़क को चौड़ा करने का काम बीते 25 मार्च को शुरू किया गया था। इन दोनों कार्यों पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा लगभग चार करोड़ रुपये खर्च किए गए। ट्रैफिक विभाग के मुताबिक शाहबेरी रोड से रोजाना औसतन दो लाख वाहन गुजरते हैं। प्राधिकरण के प्रबंधक नितीश कुमार ने बताया कि सड़क की चौड़ाई अब 4.5 मीटर से अधिक हो गई है, जो पहले तीन मीटर के लगभग थी। सड़क को चालू कर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इटेड़ा गोलचक्कर से क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद की ओर आने-जाने वालों का रास्ता सुगम हो गया है। दरअसल क्रॉसिंग रिपब्लिक बनने के बाद शाहबेरी रोड पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। इधर से होकर जाने वाले लोग सुबह शाम जाम में फंसे रहते थे। वहीं, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बसावट बढ़ने पर यह समस्या और अधिक बढ़ गई। ऐसे में सड़क को चौड़ा कराया गया। अब इस रोड के चालू होने से चार मूर्ति चौक पर भी वाहनों का दबाव कम होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण दुकानदारों से सड़क पर किसी तरह का अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।



ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार ने शाहबेरी से गुजरने वाले लोगों का दर्द समझा, जाम समस्या से दिलाया छुटकारा

# गोल्ड लोन कंपनी पर गंभीर आरोप, गिरवी सोना बेचकर ठोक दिया चार लाख का फर्जी लोन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर के आरडीसी स्थित धनवर्षा गोल्ड लोन कंपनी पर एक उपभोक्ता ने गिरवी रखे गए सोने को धोखाधड़ी से बेचने और फर्जी लोन दिखाकर वसूली की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले में वैशाली के रामप्रस्थ कॉलोनी निवासी अक्षय की शिकायत पर कविनगर थाना पुलिस ने कंपनी के चार अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता अक्षय ने पुलिस को बताया कि उन्होंने विजयनगर स्थित धनवर्षा शाखा में करीब 237 ग्राम सोना गिरवी रखकर सवा चार लाख रुपये का लोन लिया था। बाद में विजयनगर शाखा को आरडीसी स्थित शाखा में मर्ज कर दिया गया। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने लोन की 25 हजार रुपये की किश्त भी चुका दी थी, लेकिन कंपनी ने उनका गिरवी सोना बेच दिया और उल्टा चार लाख रुपये का अतिरिक्त लोन बकाया दिखाकर उनसे रकम की मांग करने लगी। पीड़ित अक्षय का कहना है कि उन्होंने बाद में कोई अतिरिक्त लोन नहीं लिया, बावजूद इसके कंपनी के कर्मचारी उन्हें दबाव में लेने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि न केवल उनकी बिना अनुमति के सोना बेच दिया गया, बल्कि अब उन्हें मनगढ़ंत लोन की रकम चुकाने का दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने कंपनी के अधिकारी हरीश गौतम, पुलकित, अविनाश अग्रवाल और सचिन पाठक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब पूरे मामले की वित्तीय दस्तावेजों और ट्रांजैक्शन हिस्ट्री के आधार पर जांच कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर गोल्ड लोन कंपनियों की पारदर्शिता और नियमन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिन कंपनियों पर लोग विश्वास कर अपना कीमती सोना गिरवी रखते हैं, यदि वही संस्थाएं धोखाधड़ी में लिप्त पाई जाएं, तो यह आम नागरिकों के लिए गंभीर आर्थिक और मानसिक संकट का कारण बन सकता है। पुलिस का कहना है कि आरोपी अधिकारियों से पूछताछ कर पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जाएगी।

# गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की विरासत को समर्पित विशेष प्रदर्शनी






वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर एक भव्य और प्रेरणादायक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन न केवल उनकी स्मृति को सम्मानित करेगा, बल्कि यात्रियों और आमजन को उनके जीवन के महान कार्यों व मूल्यों से जोडे का एक ऐतिहासिक प्रयास भी सिद्ध होगा। रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्ग पर लगाई जाने वाली इस प्रदर्शनी का उद्देश्य लाखों यात्रियों को अहिल्याबाई होल्कर के सेवा, न्याय और लोककल्याण के कार्यों से परिचित कराना है। यह प्रदर्शनी उनके विचारों, संघर्षों और योगदानों की जीवंत झलक प्रस्तुत करेगी, जिसे देखकर हर आयु वर्ग का व्यक्ति प्रेरणा प्राप्त कर सकेगा। प्रदर्शनी की तैयारियों को लेकर शनिवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, अभियान संयोजक गुंजन शर्मा, विनोद कसाना, गौरव चोपड़ा, बलराम रावल, भूपेश शर्मा और मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं और संबंधित अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदर्शनी की व्यवस्था, यात्री सुविधा और प्रचार-प्रसार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है। आयोजकों का मानना है कि यह कार्यक्रम लोकमाता की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# गोविंदपुरम में शिक्षक विकास कार्यशाला का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महर्षि दयानंद विद्यापीठ, गोविंदपुरम में शनिवार से आठ दिवसीय शिक्षक विकास कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को बदलते शैक्षणिक परिवेश के अनुरूप तैयार करना और नई शिक्षा नीति 2020 के मूल तत्वों को समझाकर व्यावहारिक रूप में लागू करना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और एनआईओएस के कुलाधिपति महेश चंद्र पंत ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का विद्यार्थी जानकारी से भरपूर है। शिक्षक अब केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि उसका मार्गदर्शक और सहयोगी होना चाहिए। इसके लिए शिक्षकों को अपनी सोच और कार्यशैली में बदलाव लाना होगा। यह बदलाव रातोंरात नहीं होगा, लेकिन यह यात्रा निश्चित रूप से सफल होगी। महेश चंद्र पंत ने शिक्षकों को नई शिक्षा नीति 2020 का गहन अध्ययन करने की सलाह दी और कहा कि आने वाले समय में वही शिक्षक सफल होगा जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में योगदान देगा, न कि केवल पाठ्यपुस्तक सीमाओं में बंधा रहेगा। कार्यशाला के दौरान शिक्षण कौशल, व्यवहारिक शिक्षा, मूल्य आधारित शिक्षण और हिंदी भाषा के आदर्श शिक्षण बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई।

# 2 दरोगा और 4 मुख्य आरक्षी लाइन हाजिर

**गाजियाबाद।** पुलिस विभाग में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई सुधारित बीट व्यवस्था के तहत गाजियाबाद पुलिस ने कड़ा संदेश देते हुए लापरवाही बरतने वाले दो दरोगाओं और चार मुख्य आरक्षियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्रवाई डीसीपी रूरल जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी के निर्देश पर की गई, जो पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ की पारदर्शिता और जिम्मेदारी आधारित पुलिसिंग की मुहिम का हिस्सा है। लाइन हाजिर किए गए पुलिसकर्मियों में एसआई बिजेंद्र कुमार और प्रशिक्षु एसआई अरविंद कुमार शामिल हैं, जो ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में बीट एसआई (बीएसआई) के रूप में तैनात थे। इसके अलावा, मुख्य आरक्षी विकास राणा, महिला आरक्षी निशु (ट्रोनिका सिटी), मुख्य आरक्षी चरण सिंह (भोजपुर थाना), और मुख्य आरक्षी सुनील (मोदीनगर थाना) भी कार्रवाई की जद में आए हैं। ये सभी बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) के रूप में नियुक्त थे।

# पति ने पत्नी पर सरेआम फेंका तेजाब, आरोपी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिटी जोन के पॉश इलाके शास्त्रीनगर में आज दिनदहाड़े एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शास्त्रीनगर रेड लाइट पर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर सरेआम तेजाब उड़ेल दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के दौरान चौराहे पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़कर जमकर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। यह वारदात करीब 12:30 बजे की है। एक महिला पैदल ही शास्त्रीनगर चौराहे की रेड लाइट से गुजर रही थी, तभी एक शख्स हाथ में तेजाब की बोतल लेकर आया और उसका ढक्कन खोलते ही महिला पर तेजाब उड़ेल दिया। वाहन चालक जब तक कुछ समझ पाते, महिला सिर से पूरी तरह तेजाब में नहा चुकी थी और दर्द से चीखने लगी।

# डीसीपी ग्रामीण ने लापरवाही बरतने वाले छह पुलिसकर्मियों को किया लाइन हाजिर

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** जिला गाजियाबाद में कानून व्यवस्था को बेहतर करने और अपराधियों पर निगरानी के लिए लागू की गई बीट पुलिस प्रणाली में लापरवाही बरतने वाले छह पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। सभी पुलिसकर्मी देहात जोन के हैं।

मोदीनगर क्षेत्र और ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में बदमाशों का वेरिफिकेशन होने के बाद भी अपराध हुआ जिसमें पुलिस ने जांच के बाद ऐसे बदमाश पकड़े जिनका वेरिफिकेशन करने में लापरवाही बरती गई थी। डीसीपी देहात सुरेंद्रनाथ तिवारी ने ट्रोनिका सिटी थाने में तैनात दारोगा विजेंद्र कुमार, ट्रेनी दारोगा अरविंद कुमार, हेड कॉन्स्टेबल विकास राणा, महिला कॉन्स्टेबल नीशु, भोजपुर थाने में तैनात हैड कॉन्स्टेबल चरन सिंह और मोदीनगर थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल सुनील कुमार को लाइन हाजिर किया है। डीसीपी के मुताबिक जांच में सामने आया कि इन पुलिसकर्मियों ने अपना काम ठीक से नहीं किया था जिस वजह से बदमाशों का वेरिफिकेशन ठीक से नहीं हुआ था।

# आंधी-तूफान पीड़ितों के परिजनों से मिले प्रभारी मंत्री असीम अरुण, हर संभव मदद का आश्वासन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 21 मई को आए भीषण आंधी-तूफान में दिवंगत हुए व्यक्तियों के परिजनों से आज समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मंत्री असीम अरुण मधुबन बापूधाम पहुंचे, जहां उन्होंने पेड़ गिरने से मृत्यु होने वाले मुजम्मिल पुत्र उस्मान के परिवार से मुलाकात की। इसके बाद वे ग्राम खोडा पहुंचे और दीवार गिरने से मृत भानु देवी के परिजनों से भी मिले, उनकी दुखद घड़ी में संवेदनाएं साझा कीं। इस अवसर पर विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, रजापुर ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी डैनी, अन्य भाजपा पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार आपदा की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ है। राहत और मुआवजा राशि शीघ्र पहुंचाना हमारा मानवीय कर्तव्य है। विधायक अजीत पाल त्यागी ने सरकार की संवेदनशीलता पर जोर देते हुए कहा कि सरकार संवेदनशीलता से पीड़ितों के साथ खड़ी है और पूरी सहायता सुनिश्चित कर रही है।

# हर गोवंश को समुचित हो देखभाल, निरीक्षण में नोडल अधिकारी ने दिए निर्देश




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं सहकारी समितियों के आयुक्त हीरालाल ने शनिवार को भोजपुर विकासखंड स्थित पट्टी और औरंगाबाद गदाना तथा नगर पालिका परिषद मोदीनगर के गोआश्रय स्थलों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों के भरण-पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और संरचनात्मक व्यवस्थाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। आयुक्त हीरालाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन के निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पट्टी गोआश्रय स्थल पर गोवंश के स्वास्थ्य, भोजन, अभिलेखों की स्थिति, साफ-सफाई आदि का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योति को निर्देशित किया कि वे दैनिक रूप से टीम के साथ भ्रमण करें और हर गोवंश की स्वास्थ्य जांच और समय पर चिकित्सा सुनिश्चित करें। साथ ही मृत पंजिका रजिस्टर में प्रत्येक मृत्यु का ठोस कारण दर्ज करना अनिवार्य किया गया। नोडल अधिकारी ने यह भी कहा कि गोआश्रय स्थलों पर वृक्षारोपण, टीन शेड पर चूना या पेंट, वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था और भूसा शेड का विस्तारीकरण कराया जाए। नगर पालिका परिषद मोदीनगर द्वारा संचालित गोआश्रय स्थल पर गंदगी को लेकर उन्होंने सख्त नाराजगी जताई और तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ गोवंश की हालत कमजोर पाई गई, जिस पर उपपशु चिकित्सा अधिकारी मोदीनगर को निर्देश दिए गए कि ऐसे गोवंश की नियमित जांच की जाए और प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया जाए।